इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

वर्ष- 44 | अंक - 311 | राजनांदगांव, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

**अष्टमी : महागौरी**



## राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी: कांग्रेस ने अमित शाह को लिखा पत्र, पिंटू के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोमवार को औपचारिक पत्र लिखकर बीजेपी प्रवक्ता पिंटू महादेव के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि महादेव ने रविवार, 28 सितंबर को एक टेलीविज़न बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी।



### पत्र में कांग्रेस ने क्या लिखा?

पत्र, जो वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल द्वारा हस्ताक्षरित है, में महादेव की टिप्पणियों को बेहद बेरहम, सोची-समझी और भयावह बताया गया है। कांग्रेस ने कहा कि यह धमकी राजनीतिक बयानबाज़ी से परे है और विपक्षी नेता को तत्काल खतरे में डालती है।

पत्र में आगे कहा गया है कि महादेव का बयान न तो ज़बान फिसलने का नतीजा था और न ही लापरवाही से कही गई अतिशयोक्ति, बल्कि यह हिंसा भड़काने वाला कृत्य था, जिसने संविधान द्वारा दिए गए सुरक्षा आश्वासनों को कमजोर किया।

### राहुल गांधी की सुरक्षा पर गंभीर सवाल

कांग्रेस ने पत्र में बताया कि गांधी की सुरक्षा संभालने वाली केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल ने पहले भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्रों के माध्यम से उनकी जान पर कई खतरों की सूचना दी थी। पार्टी ने आरोप लगाया कि इनमें से एक संदेश रहस्यमय परिस्थितियों में मीडिया में लीक हो गया। इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस का कहना है कि महादेव की टीवी पर की गई टिप्पणी को अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता। यह टिप्पणी गांधी के खिलाफ हिंसा को सामान्य बनाने और वैध ठहराने की व्यापक साजिश पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### महादेव ने राहुल गांधी के खिलाफ क्या कहा?

कांग्रेस के अनुसार, यह विवादित टिप्पणी न्यूज़18 केरल पर एक बहस के दौरान की गई थी। पत्र में महादेव के हवाले से कहा गया है, राहुल गांधी के सीने में गोली मार दी जाएगी।

पार्टी ने इसे हिंसा भड़काने का बेशर्म कृत्य करार दिया और कहा कि भाजपा से जुड़े सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर इस तरह की धमकियाँ और हिंसा के आह्वान पहले भी प्रसारित होते रहे हैं। इससे घृणा का माहौल बनता है और राहुल गांधी की सुरक्षा प्रभावित होती है। कांग्रेस ने गृह मंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली में बीजेपी को मिला नया दफ्तर, उद्घाटन कर बोले पीएम मोदी- हमारे लिए यह मंदिर से कम नहीं

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आज नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है। दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई। भाजपा की स्थापना को 45 वर्ष हो गए हैं, लेकिन जिस बीज से भाजपा इतने विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हुई है, उसका बीजारोपण अक्तूबर 1951 में हुआ था, जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना हुई थी। आज दिल्ली भाजपा के पास जो ताकत है, वह पिछले दशकों में हमारे लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग और कड़ी मेहनत का परिणाम है। साथ ही देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा, हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे।



प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि, दिल्ली और भाजपा का रिश्ता सिर्फ़ एक शहर और एक पार्टी का नहीं है, ये सेवा, संस्कार और सुख-दुख में साथ निभाने का है। पहले जनसंघ और फिर भाजपा के रूप में, हमारी पार्टी हमेशा दिल्ली के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है। जनसंघ की स्थापना के बाद से, हमने हर तरह से दिल्ली के लोगों की सेवा की है। आपातकाल के दौरान, जनसंघ के नेताओं ने दिल्ली के लोगों के साथ मिलकर सरकारी दमन के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़ी। यहां तक कि 1984 के सिख दंगों के दौरान, जिसने दिल्ली की आत्मा पर गहरा आघात पहुंचाया, दिल्ली भाजपा ने हमारे सिख भाइयों की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा, कई वर्षों के अंतराल के बाद आज दिल्ली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## करूर भगदड़ मामला: टीवीके नेता मथियाझगन गिरफ्तार

नई दिल्ली। अभिनेता से नेता बने जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने मद्रास हाईकोर्ट की मुदैरे बेंच में याचिका दायर कर करूर भगदड़ मामले की जांच पुलिस की बजाय सीबीआई को सौंपने की मांग की है। साथ ही शनिवार को हुई घटना के लिए पूरी तरह से सत्तारूढ़ द्रमुक और उसके कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है। तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की रैली में मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत के 48 घंटे बाद, पुलिस ने टीवीके करूर पश्चिम जिला सचिव मथियाझगन को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें इस हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने पहले उन पर हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या और जन सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया था। टीवीके के महासचिव बुस्सी आनंद और संयुक्त महासचिव निर्मल सेकर के खिलाफ भी मामले दर्ज किए गए हैं। विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में 41 लोग मारे गए, जिनमें 18 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया कि शनिवार की हुई घटना के लिए सिर्फ और सिर्फ द्रमुक और इसके कार्यकर्ता जिम्मेदार हैं।

## हरियाणा कांग्रेस में बड़ा बदलाव: राव नरेंद्र सिंह होंगे प्रदेश अध्यक्ष; भूपेंद्र हुड्डा बने नेता प्रतिपक्ष

चंडीगढ़। हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल के नेता व प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति का फैसला हो गया है। कांग्रेस हाईकमान ने सोमवार रात को नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष के नामों की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राव नरेंद्र को हरियाणा कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी चौधरी उदयभान संभाल रहे थे।



हरियाणा कांग्रेस में बीते कई दिनों से सबसे ज्यादा चर्चित सवाल बना हुआ था कि नेता प्रतिपक्ष और प्रदेशाध्यक्ष कौन बनेगा? चर्चा थी कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। पार्टी हाईकमान ने बिहार में बुधवार को होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में इन दोनों नेताओं को बुलाया था।

नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को लेकर दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के वरिष्ठ नेताओं के साथ राहुल गांधी कई दिनों से मंथन कर रहे थे। दावेदारों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ-साथ कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला का नाम बार-बार उछल रहा था। वहीं, प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी के लिए राव नरेंद्र के अलावा अशोक तंवर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नक्सल दंपत्ति एनआईए कोर्ट में पेश: न्यायालय ने दोनों को भेजा जेल

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की डीडी नगर पुलिस ने नक्सली पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन्हें UAPA एक्ट के तहत गिरफ्तार कर बिलासपुर एनआईए कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है। दो दिन पहले पत्नी को जेल भेज पति को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया था।



UAPA के तहत हुई है गिरफ्तारी

### एसआईए ने की गिरफ्तारी

डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की टीम ने जिस नक्सली दंपति को मंगलवार को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा राजधानी सहित कई शहरों में नक्सलियों के शहरी नेटवर्क खड़े करने की जिम्मेदारी दी गई थी। नक्सली दंपति के कब्जे से पुलिस ने 10 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के बिस्किट के साथ एक लाख रुपए कैश जब्त किया है। सूत्रों के मुताबिक एसआईए ने जिस नक्सली दंपति को कैश जब्त किया है, वो दरभा डिवीजन के डीसीएम मेंबर थे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों इनामी नक्सली थे। पुरुष आठ तथा महिला पांच लाख रुपए की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बरेली में तौकीर रजा के खिलाफ सख्त कार्रवाई, यूपी पुलिस ने 37 दुकानों को कराया खाली

बरेली। बरेली में मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी के बाद प्रशासन ने नॉवेल्टी चौराहे पर स्थित दो मंजिला मार्केट पर बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। मार्केट में 37 दुकानें हैं, जिन्हें प्रशासन ने पूरी तरह से खाली करवा लिया है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात है और मार्केट को सील कर दिया गया है।



मार्केट पर चलेगा बुलडोजर

मार्केट की देख-रेख मौलाना तौकीर रजा की पार्टी IMC के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस करते थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बवाल से पहले डॉ. नफीस ने अधिकारियों को धमकी दी थी कि यदि कार्रवाई की गई तो पुलिस की वर्दी उतार दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह मार्केट नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई थी।

### संपत्ति की कीमत करोड़ों में

नॉवेल्टी मार्केट की दुकानों से तौकीर रजा को हर महीने लगभग 2 लाख रुपये किराया मिलता था। मार्केट की फ्रंट की दुकानों का किराया 10-12 हजार रुपये और अंदर की दुकानों का 5-7 हजार रुपये महीना था। शहर के पॉश इलाके में स्थित इस मार्केट की अनुमानित कीमत 30 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। प्रशासन के आदेशों के बाद सभी दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को खाली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर के पीएम से मांगी माफी

वॉशिंगटन। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल थानी से दोहा में 9 सितंबर को हुए इस्राइली हमले के लिए औपचारिक तौर पर माफी मांगी है। यह बातचीत व्हाइट हाउस से फोन कॉल के जरिए हुई, जहां इस्राइली पीएम इस समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेहमान के तौर पर मौजूद हैं। एक अमेरिकी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फोन कॉल कुछ मिनटों तक चली और इसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। एक विदेशी राजनयिक ने इसकी पुष्टि की कि नेतन्याहू ने इस बातचीत में स्पष्ट रूप से माफी मांगी और घटना को कतर की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। 9 सितंबर को इस्राइल ने कतर की राजधानी दोहा में एक हवाई हमला किया था।

## ट्रंप ने फोड़ा एक और टैरिफ बम, अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर लगाया 100 फीसदी शुल्क

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रंप ने अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे भारत समते दुनिया के कई देशों के सिनेमा उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे पहले ट्रंप ने दूसरे देशों से आने वाली दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को चोरी किया है। यह कदम हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।



### सोशल ट्रूथ पर ट्रंप का पोस्ट

ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारा मूवी निर्माण व्यवसाय अमेरिका से चोरी किया गया है, बिलकुल वैसा जैसे बच्चे से कैंडी चोरी करना। उन्होंने कैलिफोर्निया के गवर्नर को कमजोर और अक्षम बताया और कहा कि यही कारण है कि यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्या का समाधान करने के लिए अब विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।

### हॉलीवुड और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर असर

ट्रंप ने मई में इस तरह के टैरिफ का विचार पहले भी व्यक्त किया था, लेकिन उस समय उन्होंने विवरण नहीं बताया था। इस घोषणा के बाद एंटरटेनमेंट दिग्गजों के शेयर प्री-मार्केट ट्रेडिंग में गिरावट दिखाने लगे। नेटफ्लिक्स के शेयर 1.4 प्रतिशत और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के शेयर 0.6 प्रतिशत गिर गए। हॉलीवुड स्टूडियोज और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब इस नीति के प्रभाव को समझने में लगे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उत्तर कैरोलाइना सहित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कनाडा ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया, भारत से संबंधों में सुधार के बीच आया फैसला

ओटावा। कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। इसे लेकर कनाडा की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में लिखा गया है कि, कनाडा में हिंसा और आतंक के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जो किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाते हैं। इसीलिए, जन सुरक्षा मंत्री, गैरी आनंदसांगरी ने आज घोषणा की कि कनाडा सरकार ने बिश्नोई गिरोह को आपराधिक संहिता के तहत एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है।



### मंत्री गैरी आनंदसांगरी का बयान

जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा, कनाडा में हर व्यक्ति को अपने घर और समुदाय में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। बिश्नोई गैंग ने कुछ समुदायों को डर और हिंसा के माध्यम से निशाना बनाया है। इस गैंग को आतंकवादी सूची में डालने से हमें उनके अपराधों को रोकने और समाज में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपकरण मिलते हैं।

### कनाडा में कुल 88 आतंकवादी संगठन

कनाडा सरकार के अनुसार, अब क्रिमिनल कोड के तहत कनाडा में कुल 88 आतंकवादी संगठन सूचीबद्ध हैं। क्रिमिनल कोड के तहत किसी आतंकवादी संगठन की संपत्ति या वित्तीय सेवाओं से जुड़े कार्य करना अपराध है। कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी), आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों की रोकथाम, पता लगाने और जांच करने के लिए जिम्मेदार है।

### क्या हो सकती है कार्रवाई?

अब कनाडा में बिश्नोई गैंग की संपत्ति, वाहन और पैसे कनाडा में जब्त या फ्रीज किए जा सकते हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस गैंग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिक शक्तियां मिलती हैं, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण, यात्रा और भर्ती पर रोक। कनाडा और विदेश में किसी भी व्यक्ति के लिए यह गैरकानूनी है कि वह जानबूझकर आतंकवादी संगठन की संपत्ति से जुड़े। ऐसा करना अपराध माना जाएगा, चाहे वह सीधे संपत्ति दे या किसी और के माध्यम से। इस सूची का उपयोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जीएसटी 2.0 रिफॉर्म्स धन्यवाद मोदी जी कार्यक्रम में हुए शामिल सीएम विष्णुदेव साय, कहा- आर्थिक क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलाव

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित जीएसटी 2.0 रिफॉर्म्स धन्यवाद मोदी जी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स से आर्थिक क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। जीएसटी दरों में कटौती से 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में खुशी आई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के पद्मश्री सम्मान प्राप्त विभूतियों और राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन रायपुर संभाग के छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा किया गया था।



### आमजन को आर्थिक मजबूती

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार ऐसे फैसले लिए गए हैं, जिनके बारे में यह कहा जाता था कि ये कभी नहीं हो सकते। इसी कड़ी में जीएसटी रिफॉर्म्स आमजन को आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### किचन के बजट में आई कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं स्वयं लोगों के बीच जाकर जीएसटी दरों में कटौती से मिले लाभ की जानकारी ले रहा हूं। हाल ही में जब मैं दैनिक जरूरत का सामान खरीद रहे लोगों से मिलने एक मार्ट गया, तो वहां गृहणियों ने बताया कि इन सुधारों से हमारे किचन के बजट में कमी आई है। जब गृहणियां प्रत्येक वस्तु के कम हुए दाम बता रही थीं, तो उनके चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। इन सुधारों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में बिहार में विधानसभा चुनाव संभव, आज आएगी अंतिम मतदाता सूची

नई दिल्ली। बिहार की अंतिम मतदाता सूची मंगलवार को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद चुनाव आयोग अगले हफ्ते राज्य के विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित कर सकता है। जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग की टीम 4 और 5 अक्तूबर को पटना का दौरा करेगा और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम अगले हफ्ते घोषित होने की संभावना है। पहला चरण छठ पर्व के बाद यानी अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना जताई जा रही है। बिहार और कुछ विधानसभा उपचुनावों के लिए चुनाव आयोग 470 पर्यवेक्षक तैनात कर रहा है।



इसके अलावा, 3 अक्तूबर को आम, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। बिहार विधानसभा में 243 सदस्य हैं और उनकी वर्तमान कार्य अवधि 22 नवंबर को समाप्त हो रही है। राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव तीन चरणों में आयोजित हुआ था, उस समय कोविड-19 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी कोलंबिया के बोगोटा पहुंचे, नेताओं, छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के दौरे पर हैं। वे कोलंबिया की राजधानी बोगोटा पहुंचे। इसकी जानकारी कांग्रेस ने दी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोगोटा, कोलंबिया पहुंचे। वे दक्षिण अमेरिका के दौरे पर हैं, जहां उनका चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम है। कांग्रेस ने राहुल गांधी का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिख रहे हैं।



इससे पहले राहुल गांधी के खिलाफ टीवी डिबेट में की गई टिप्पणी पर कांग्रेस भड़क गई। पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा वैचारिक लड़ाई हार रही है तो उसके प्रवक्ता और नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक वीडियो में कहा, अहिंसा कायरता की आड़ नहीं होती है और वीरता का सर्वोच्च गुण है। यह गुण हमने आजादी के आंदोलन में देखा, जब अहिंसा के रास्ते से अंग्रेजों को हराया। जो वैचारिक लड़ाई होती है, उसके हथियार गोला-बारूद और बंदूक नहीं होते, उसके हथियार विचार होते हैं, लेकिन जब प्रतिद्वंद्वी के पास विचार के हथियार नहीं होते हैं तो वे हिंसा का सहारा लेते हैं। पवन खेड़ा बोले, प्रवक्ता ने टीवी पर आकर कहा कि राहुल गांधी को छाती पर गोली मारनी चाहिए। इस पर कोई एक्शन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे पहले, सीआरपीएफ ने कई बार चिट्ठियां लिखीं। उन चिट्ठियों को लीक किया गया। राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिट्ठियां लिखी गईं। इससे षड्यंत्र की बू आती है। यह वही लोग हैं, जो वैचारिक लड़ाई में हार रहे हैं, जिनके पास विचार को विचार से परास्त करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### गायत्री शक्तिपीठ में आज भव्य नवरात्र अष्टमी हवन-पूजन, पाँच कुण्डीय महायज्ञ का होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सुभाष द्वार दिल्ली दरवाजा के समीप स्थित मां गायत्री शक्ति पीठ में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि अनुष्ठान का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न किया जा रहा है। नौ दिनों तक चले इस अनुष्ठान का समापन और पूर्णाहुति कार्यक्रम 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। समापन अवसर पर आज प्रातः 9:30 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। इस विशेष यज्ञीय आयोजन के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण संस्कार भी संपन्न किए जाएंगे। जिनमें दीक्षा संस्कार, उपनयन, नामकरण, मुंडन आदि शामिल हैं। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या और निर्माण ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि यज्ञीय अनुष्ठान के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई है।

### सेवा पखवाड़ा : कल वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह

राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे गांधी सभा गृह राजनांदगांव में जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह में जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### शांति भंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में नवरात्रि के दिनों शांति भंग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 29 सितंबर सोमवार को बजरंगपुर नवागांव पानी टंकी के पास आने जाने वाले राहगीरों के साथ झगड़ा विवाद कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश आकाश यादव पिता मानिक लाल यादव उम्र 18 वर्ष 4 माह निवासी बजरंगपुर नवागांव को गिरफ्तार किया गया है और उसके खिलाफ पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। श्री मरई ने बताया कि उक्त आरोपी पूर्व में भी हत्या के प्रयास के मामले में जमानत पर है।

### सीजीपीएससी ने कोर्ट मैनेजर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में कोर्ट मैनेजर के 22 पद के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने अपने वेबसाइट में 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। कोर्ट मैनेजर पद के लिए योग्यता और अनुभव अंतर्गत अभ्यर्थी को भारत में यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर या सामान्य प्रबंधन में उन्नत डिप्लोमा के साथ स्नातक की डिग्री, सिस्टम और प्रक्रिया प्रबंधन में 5 वर्ष का अनुभव या प्रशिक्षण अथवा आईटी सिस्टम प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन में 5 वर्ष का अनुभव या प्रशिक्षण, हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ राज्य की आधिकारिक भाषाओं में उत्कृष्ट संचार कौशल, उत्कृष्ट सामाजिक कौशल, उत्कृष्ट कंप्यूटर अनुप्रयोग कौशल, कानून के क्षेत्र में योग्यता और अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# शासन की लोकहितकारी योजनाओं से अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित करें बैंकर्स - कलेक्टर




- कलेक्टर ने जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक ली
- प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने कहा
- शासन की वित्तीय क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं के तहत लघु एवं मध्यम उद्यमियों को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के लीड डिस्ट्रिक ऑफिसर दिग्विजय राऊत उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बैंकर्स को शासन की लोकहितकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं में हितग्राहियों को अधिक से अधिक ऋण प्रदान कर लाभान्वित करने कहा। शासकीय योजनाओं से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि शासन की वित्तीय क्षेत्रों से जुड़ी योजनाएं लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए ऋण देने के लिए प्रारंभ की गई योजनाएं, जिनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं है। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए सभी बैंकर्स ऋण स्वीकृति के कार्य को प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक फायनेंस में किसी प्रकार की दस्तावेज संबंधी शुल्क नहीं लिया जाना है और ब्याज दर भी निर्धारित किया गया है। उसके अनुरूप में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासन की अन्य विभागीय योजनाओं में भी सब्सिडी से जुड़ी योजनाओं में बैंकर्स को जनसामान्य की मदद करना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की प्रगति एवं बैंक खातों के अधार सीडिंग के संबंध में चर्चा की गई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बरगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह, अनुसूचित जाति एवं जनजाति को शासन की योजना का लाभ दिलाने, अटल पेंशन योजना, जिले में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने महिला स्वसहायता समूह एवं उद्यमी महिलाओं को संवेदनशीलता के साथ ऋण उपलब्ध कराने कहा। महिलाओं को शासकीय योजनाओं से वित्तीय योजनाओं से ऋण स्वीकृति के लिए सहायता करने कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर मुनीष शर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय प्रतिनिधि, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के अमित मिश्रा, नाबार्ड के मनोज नायक सहित बैंकर्स उपस्थित थे।

## साहू समाज : तुलसीपुर ममता नगर इकाई का निर्वाचन संपन्न



- डी.डी. साहू अध्यक्ष और छन्नूलाल साहू निर्विरोध सचिव निर्वाचित
- सामाजिक एकता और विकसित समाज की दिशा में काम करने की प्रेरणा

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार समस्त इकाईयों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के उपरांत निर्धारित तिथि में दिनांक 28 सितंबर को तुलसीपुर ममता नगर इकाई की निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सभी पदों में सौहाद्रपूर्ण वातावरण में निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए डी.डी. साहू और सचिव पद हेतु छन्नूलाल साहू को पदभार सौपा गया। उपाध्यक्ष पद के लिए योगेश साहू एवं महिला उपाध्यक्ष जमुना देवी साहू (पूर्व पार्षद) निर्वाचित हुई। इसी क्रम में संगठन सचिव दिलीप बनपेला एवं महिला संगठन सचिव के लिए खिलेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष के लिए हेमनाथ साहू मनोनित किये गए। समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन पर्यवेक्षक कुलेश्वर दास साहू अध्यक्ष नगर साहू संघ एवं नरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष नगर साहू संघ निर्वाचन अधिकारी के रूप में अतिथियों एवं सामाजिक स्वजातिय बंधुओं की उपस्थिति में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तत्पश्चात नव निर्वाचित पदाधिकारीगणों का अभिनंदन कर संबोधन के माध्यम से कुलेश्वर दास साहू के द्वारा समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक प्रबंधन एवं विकसित समाज की दिशा में कार्य करने प्रेरणा प्रदान किया गया।

तुलसीपुर, ममता नगर इकाई साहू समाज के संरक्षक के रूप में सर्वश्री एच.आर. साहू, मनहरण साहू, प्रकाश साहू, श्रीमती पुष्पा साहू, गोंविद साहू, वाई.डी साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सर्वश्री रूपेन्द्र साहू, परमेश्वर साहू, केशव कंजीर, लोकेश साव, भूपेन्द्र साहू, रमेश सोनकातर, शैलेन्द्र साहू, नरेन्द्र साहू, सतीश साहू, गुमान साहू, अशोक साहू आदि को मनोनित किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि तुलसीपुर, ममता नगर इकाई के आने वाले क्षेत्र तुलसीपुर, ममता लेबर कॉलोनी, सिविल लाईन, बल्देवबाग, न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, पूनम कॉलोनी, शक्तिनगर, विवेकानंद नगर, सहदेव नगर, आंनद विहार कॉलोनी, बख्तावरचाल, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के स्वजातिय बंधुगण शामिल थे। समस्त निर्वाचित पदाधिकारीगणों को शैलेन्द्र साहू, लविन्द्र साव, यशवंत साहू, मिलन साहू, जितेन्द्र साहू, परदेशी राम साहू, जितेन्द्र हिरवानी, अमरनाथ साहू सहित समस्त सामाजिकजनों ने बधाई प्रेषित किये है। उक्त जानकारी छन्नूलाल साहू सचिव तुलसीपुर ममता नगर इकाई साहू समाज के द्वारा दिया गया।

### 2 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए है।

## जयस्तंभ चौक से ठेले-पसरे हटाकर हाट बाजार शिफ्ट करने की मांग

**व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सौंपा पत्र**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक में ठेला-पसरा व्यवस्थित न होने से व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। व्यापारियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र सौंपकर मांग की है कि ठेला-पसरा वालों को हाट बाजार या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

व्यापारियों का कहना है कि चौक क्षेत्र में अस्थायी दुकानों और ठेलों की संख्या लगातार बढ़ने से ग्राहक उनकी स्थायी दुकानों तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने पत्र में उल्लेख किया है कि ठेले और पसरे सड़क के बीचोंबीच लगने से ग्राहकों के लिए दुकानों तक पहुंचने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। महावीर चौक रोड पर लगाए गए बैरिकेड से ट्रैफिक नियंत्रण तो हुआ है, लेकिन भीड़भाड़ और अतिक्रमण के कारण पार्किंग स्थल म्युनिस्पिल स्कूल ग्राउंड तक पहुंचना भी कठिन हो गया है। पत्र में बताया गया है कि नगर निगम द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन स्थान खाली होते ही ठेला-पसरा वाले फिर से सड़क पर कब्जा जमा लेते हैं। इस वजह से यातायात अव्यवस्थित हो रहा है और स्थिति और भी गंभीर बन रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि ठेले-पसरे सड़क पर फैल जाने से फायर ब्रिगेड या एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों के लिए भी रास्ता बंद हो जाता है। यह न केवल व्यापारियों बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। व्यापारियों ने पत्र में कहा है कि वे लंबे समय से इस समस्या का समाधान चाहते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि आगामी त्योहार सीजन से पहले समाधान नहीं निकाला गया तो व्यापारी सड़क पर ही दुकानें लगाकर विरोध प्रदर्शन करने को विवश होंगे। व्यापारियों ने मांग की है कि ठेले-पसरे वालों को हाट बाजार जैसे किसी निर्धारित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। इससे जहांउनके रोजगार पर असर नहीं पड़ेगा। वहीं ग्राहकों की दुकानों तक सहज पहुंच संभव होगी और यातायात व्यवस्था भी सामान्य रहेगी। इस पत्र की प्रतियां महापौर, कलेक्टर, आयुक्त नगर पालिक निगम, पार्षद श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, पुलिस अधीक्षक एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को भी भेजी गई हैं। साथ ही व्यापारियों ने हस्ताक्षरित सहमति पत्र भी संलग्न किया है।

### ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक श्याम सुन्दर सिन्हा आ. उत्तम सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम अं.चौकी तहसील अं. चौकी जिला- मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरी पुत्री तारणी सिन्हा के नाम से बना जन्म प्रमाण पत्र बना है। जिसमें माता के नाम के स्थान पर श्रीमति उमा सिन्हा अंकित है, परन्तु मेरी पत्नि के नाम से बना अंकसूची एवं समस्त कागजातों में नाम के स्थान पर लक्ष्मी सिन्हा अंकित है। उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को अपनी पुत्री के नाम से बना जन्म प्रमाण पत्र में श्रीमति उमा सिन्हा के स्थान पर लक्ष्मी सिन्हा परिवर्तन कराना चाहता हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अत एवं ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

आवेदक
**श्याम सुन्दर**
निवासी ग्राम अंबागढ़ चौकी तहसील अं.चौकी व जिला-मो.मा.अं.चौकी

### ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका राम्हीन बाई पति रामेश्वर जाति कंवर निवासी ग्राम भगवानटोला तहसील अं.चौकी जिला- मोहला-मानपुर,अं.चौकी (छ.ग.) की निवासी हूँ। मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी की गई है। जिसमें नाम के स्थान पर रामीन बाई अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे नाम से जारी बैंक पासबुक एवं जॉब कार्ड एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर राम्हीन बाई अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलिये आधार कार्ड में रामीन बाई अंकित है। उसे सुधार करवाकर राम्हीन बाई अंकित कराना चाहती हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अत एवं ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

आवेदिका
**राम्हीन बाई**
निवासी ग्राम भगवानटोला तहसील अं.चौकी व जिला-मो.मा.अं.चौकी

### ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक परदेशीराम नेताम आ. सामरथ नेताम जाति गोंड निवासी ग्राम नेतामटोला तहसील अं.चौकी जिला- मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी की गई है। जिसमें नाम के स्थान पर नेइतं परदेशी अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे नाम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिचय पत्र एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर परदेशीराम नेताम अंकित है। उक्त नाम सही है, इसलिये आधार कार्ड में नेइतं परदेशी अंकित है उसे सुधार करवाकर परदेशीराम नेताम अंकित कराना चाहता हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अत एवं ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

आवेदक
**परदेशीराम नेताम**
निवासी ग्राम नेतामटोला तहसील अं.चौकी व जिला-मो.मा.अं.चौकी

SILVER SCREEN MULTIPLEX
26th Sep to 01st Oct 2025




Chainsaw Man The Movie Reze Arc (Hindi) - 03:30 and 09:30 pm
They Call Him OG - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Joll LLB 3 - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Demon Slayer Kimetsu No Yaiba Infinity Castle (Hindi) - 12:30 and 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल, बाल्कनी बुकिंग सिर्फ 100




बलिदानी राजा गुरु बालकदास
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

### न्यायालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला कबीरधाम (छ.ग.)

(प्रारूप -क)

राज्य शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था-परियोजना प्रबंधक (सिंचाई परियोजना) छत्तीसगढ़ **''कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा''** जिला कबीरधाम (छ.ग.) विभाग के द्वारा **बकेला एवं क्रांति फीडर योजना** अंतर्गत नहर निर्माण हेतु ग्राम **लिम्हईपुर** प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कुकदूर तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम छ.ग. के प्रभावित किसानों की निजी भूमि को **''सार्वजनिक प्रयोजन''** के लिए आवश्यकता होने से राज्य शासन, उपक्रम/संस्था निम्नांकित कृषकों की नीजि भूमि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् भू-अर्जन करना चाहता हैः- **ग्राम/नगर/तहसील-लिम्हाईपुर, कुकदूर सार्वजनिक प्रयोजना का विवरण बकेला मुख्य नहर निर्माण हेतु।**

| क्रमांक | कृषक का नाम एवं पिता/पति का नाम | जाति | खसरा नम्बर | क्रय करने हेतु प्रस्तावित अर्जित रकबा | | भूमि का किस्म | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एकड़ | हेक्टे. | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कंगलू पिता गंगू, जाति गोंड़, सा०देह | अ.ज.जा. | 175/2 | 0.53 | 0.214 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 2 | भगवान सिंह पिता उदेराम, जाति गोंड़, सा०देह | अ.ज.जा. | 158/3 | 1.12 | 0.453 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 3 | राजकुमार पिता दुकलहा, जाति गोंड़, सा० देवसरा | अ.ज.जा. | 61/7 | 0.21 | 0.085 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 4 | समरू पिता जोहरी, जाति गोंड़, सा० देवसरा | अ.ज.जा. | 61/8 | 0.19 | 0.076 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 5 | अमरसिंह पिता नोहर, जाति गोंड़, सा० देवसरा | अ.ज.जा. | 61/10 | 0.19 | 0.076 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 6 | ललिता, रूपा, सविता, अजराबाई, मिथला पिता प्यारेलाल, प्रेमसिंह पिता खोरबहरा, भूपेन्द्र पिता नरेन्द्र, धनमत पति बेवा नरेन्द्र, आरती पिता नरेन्द्र, जाति गोंड़, सा० देवसरा | अ.ज.जा. | 61/3/क | 0.57 | 0.230 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 7 | सेहरू, सेवू, मंगतीन, नीनी पिता सदवा, अधनबाई बेवा सदवा, जाति सतनामी, सा०देह | अ.जा. | 136/2 | 0.28 | 0.113 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 8 | सेल्हउ पिता बिशाल, जाति गोंड़, सा०देह | अ.ज.जा. | 135/3 | 0.04 | 0.016 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 9 | लतेल पिता बिशाल, जाति गोंड़, सा०देह | अ.ज.जा. | 135/4 | 0.69 | 0.279 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 10 | धनीराम पिता लालसिंह, जाति गोंड़, सा०देह | अ.ज.जा. | 135/6 | 0.65 | 0.263 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 11 | बंशीलाल पिता दशरथ, जाति सतनामी, सा० देह | अ.जा. | 133/1/क | 0.43 | 0.174 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 12 | भुलउ पिता सुखीराम, जाति सतनामी, सा० देह | अ.जा. | 133/3 | 0.48 | 0.194 | सिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 13 | मैहा पिता दुलारी, मोहारिन पति चमरू, जाति गोंड़, सा० देवसरा | अ.ज.जा. | 125/1 | 0.23 | 0.093 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| 14 | दयालसिंह, ज्ञानसिंह, मानसिंह, सेवू, मानबती पिता माहूराम, धानबाई पति माहूराम, जाति गोंड़, सा० देह | अ.ज.जा. | 125/3 | 0.14 | 0.056 | असिंचित | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 14 | 5.75 | 2.322 | - | |
| 15 | शासकीय भूमि | | 134 | 0.26 | 0.105 | - | नहर निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 106/1 | 4.28 | 1.732 | - | |
| | | | 2 | 4.54 | 1.837 | - | |
| | महायोग– | | 16 | 10.29 | 4.159 | - | |

यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति के आधार सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(गोपाल वर्मा)
कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी
जिला-कबीरधाम

जी-252603829/1

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि./यां.) खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय की निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 06/2025-26 दिनांक 25.08.2025 के द्वारा जिला बेमेतरा के अन्तर्गत विभागीय रिग मशीन में निम्न कार्य Demounting of BEC-1 Rig from old chassis and same remounting on departmental new Ashok Leyland 1920 truck chassis (20 feet chassis) with necessary modification, repairs, fabrications and refurbishing for construction of 150mm Dia 150 meters deep borewells by DTH method, including installation trial and testing as per details technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी- 252603850/5

कार्यपालन अभियंता (वि/यां.)खंड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि./यां.) खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय की निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 05/2025-26 दिनांक 22.08.2025 के द्वारा जिला बालोद के अन्तर्गत विभागीय रिग मशीन में निम्न कार्य Demounting of T.M.-1 Rig from HMT Tractor and Tata LPT 1613 Chassis and same remounting on departmental new Ashok Leyland 1920 truck chassis (20 feet chassis) with necessary modification, repairs, fabrications and refurbishing for construction of 150 mm dia 150 meters deep borewells by DTH method, including installation trial and testing as per details technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी- 252603849/3

कार्यपालन अभियंता (वि/यां.)खंड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै खोमेश पिता स्व. हिरामन दास निवासी चारभाठा तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) पिन-491557 यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना यह पुराना नाम खोमेश पिता स्व. हिरामन दास को त्यागकर नया नाम खोमेश साहू पिता हिरामन दास साहू रख लिया हूँ। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों पर मेरा नया नाम खोमेश साहू पिता हिरामन दास साहू से ही पहचाना जावे।

**खोमेश साहू**
निवासी ग्राम चारभाठा
तहसील लाल बहादुर नगर
जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)
पिन-491557

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै खोमेश साहू पिता स्व. हिरामन दास निवासी ग्राम चारभाठा तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) पिन 491557 यह शपथ करता हूँ कि मेरे पिता का नाम हिरामन दास को त्यागकर हिरामन दास साहू रख लिया हूँ। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों पर मेरे पिता का नाम हिरामन दास साहू के नाम से ही पढा, लिखा, व पहचाना जावे।

**खोमेश साहू**
निवासी ग्राम चारभाठा
तहसील लाल बहादुर नगर
जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)
पिन-491557

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
3-5-0
223-7 399-1
राजधानी
2-6-9
267-5 278-7

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आज नवरात्र महाअष्टमी, हवन-पूजन कार्यक्रम की रहेगी धूम

राजनांदगांव (दावा)। आज शारदीय नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी तिथि पर शहर सहित अंचलभर में अष्टमी हवन-पूजन की धूम बनी रहेगी। वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच स्वाहा ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं द्वारा मातारानी की शान में उन्हें अंतिम आहूति प्रदान की जाएगी। इस दौरान मातारानी की आरती पूजन-अर्चन का भी माहौल बना रहेगा। भक्तजनो द्वारा आज मातारानी दुर्गे, अंबे, जगदंबे भवानी को चढ़ावा भी चढ़ाया जाएगा। मां आदि शक्ति में अपनी भाव-भक्ति के श्रद्धा के फूल अर्पित किए जाएंगे।

बता दें कि नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक पूजा अर्चना के लिए जगह-जगह विराजित मां दुर्गे, अंबे, काली, मां शारदे की सप्तमी तिथि की रात्र निशा पूजन किया गया। आज मंगलवार 30 सितंबर को महाअष्टमी पर्व के साथ महानवमी पर्व होने से मां महागौरी व मां सिद्धिदात्री दोनो एक साथ पूजी जाएगी व उन्हे नवरात्रि पर्व की अंतिम आहूति प्रदान कर महानवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

### जगह-जगह हवन-पूजन व यज्ञीय आयोजन होगा आयोजित

आज सुबह से देर शाम व रात्रि तक देवी मंदिरो, ज्योत-ज्वांरा स्थलों व दुर्गोत्सव पंडालों में यहां अष्टमी हवन-पूजन की धूम रहेगी। वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच पंडित-पुजारियों के मुख से निवृत होने वाली स्वाहा ध्वनि के साथ श्रद्धालु



जन मातारानी को अंतिम याज्ञाहूति प्रदान करेंगे। शहर सहित आज अंचलभर में आयोजित होने वाले इस यज्ञ-हवन के आयोजन में श्रद्धालुओ द्वारा समर्पित याज्ञाहूति की धूम्र से

**जगह-जगह महाप्रसादी, भोग-भंडारा रहेगा आयोजित**

पूरा वातावरण महक उठेगा। जिससे मानव ही नहीं जीव-जंतु सभी स्निग्धता का महसूस करेंगे।

### यज्ञीय आयोजन व भोग-भंडारा कार्यक्रम आयोजित

बता दें कि नवरात्रि पंचमी अवसर पर मातारानी का जगमग सोलह श्रृंगार किया गया। इसके बाद आज महाअष्टमी को पूरे विधि-विधान के साथ मातारानी के दरबार के सामने अष्टमी हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। शहर की रिसायत कालीन शीतला मंदिर सोनारपारा में आज अष्टमी हवन का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी पियूष दुबे ने बताया कि मां शीतला मंदिर के बीचों-बीच स्थित हवन कुण्ड में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता शीतला भवानी को नवरात्रि पर्व की अंतिम यज्ञीय आहूति प्रदान की जाएगी। इसी तरह शहर के भरकापारा स्थित प्राचीन काली माई मंदिर, महामाया मंदिर, जीई रोड स्थित दस महाविद्या पीठ वाली पाताल भैरवी मंदिर, माड़ी माता मंदिर, अष्टंगी माता, चरण पादुका मंदिर पेंड्री-बरगा, शहर के लालबाग व किला पारा स्थित मां दुर्गा मंदिर, नंदई, कौरिनभांठा, बसंतपुर स्थित मां देश फिरंतीन मंदिर, लखोली नाका, सुकुल दैहान स्थित चंडी मंदिर सहित अन्यान्य देवी मंदिरों, मां शीतला मंदिरों व ज्योति-ज्वारा वाले स्थानों सहित दुर्गोत्सव पंडालों में महाअष्टमी हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित रहेगा।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों तक शक्ति जागरण के लिए की जाने वाली मां दुर्गा भवानी जप-तप पूजा-उपासना, ध्यान, साधना, आराधना पर यहां अष्टमी हवन में याज्ञाहूति प्रदान करने के बाद इसमें विराम लग जाएगा। चूंकि नवरात्र महा अष्टमी व महानवमी का पर्व आज मंगलवार 30 सितंबर को ही है, इसलिए नवरात्रि के अंतिम दिनों बुराई में अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी मनाने की तैयारियां भी जोर शोर से शुरू की जाएगी।

# आराधना मंडल का आज से कस्तूरबा में दो दिवसीय रंगारंग गरबा महोत्सव




राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर की समाज सेवी महिलाओं का संगठन आराधना महिला मंडल द्वारा आज 30 सितंबर से लेकर 1 अक्टूबर तक कस्तूरबा भवन में दो दिवसीय रंगारंग गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा बरडिया, सचिव पुष्पा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका जानी ने बताया कि महिला मंडल द्वारा आज से आयोजित होने जा रहे गरबा महोत्सव की पहले दिन की मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता सहारे (प्राचार्य शासकीय स्कूल बोरी) होगी। वहीं दूसरे दिन 1 अक्टूबर को आयोजित गरबा महोत्सव की मुख्य अतिथि सीएसपी श्रीमती वैशाली जैन होगी।

**नवरात्रि के दो दिनों तक बिखरेगी गरबा उत्सव की मनोहारी छटा**

कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर प्रायः सभी महिलाएं अपने घर-परिवार की सुख-शांति व खुशहाली के लिए मां दुर्गे भवानी की अभ्यर्थना में जुटी हुई है। भवानी नगर उनके निवास स्थान में ज्योति जंवारा स्थापित किया गया है। जिसका दर्शन कर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त करने प्रसिद्ध समाजसेवी बल्देव सिंह भाटिया पधारे थे। इसके अलावा अन्य गणमान्यजनों व समाजसेवी महिलाओं का सतत् आगमन बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रसंग पर कस्तूरबा में आयोजित आराधना महिला मंडल के गरबा महोत्सव में आमंत्रित मुख्य अतिथि महिला शक्तियों द्वारा मां आदिशक्ति भवानी की पूजा आराधना की जाएगी। शहर की तमाम महिला शक्तियों को गरबा कर मातारानी को रिझाने के लिए उन्हें सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन मंडल की श्रीमती प्रभा बरड़िया ने नगर की सभी समाजसेवी संगठन की महिलाएं उक्त गरबा महोत्सव में भाग लेने के लिए भारतीय पारंपरिक पोशाक व घाघरा-चूनरी सहित मातारानी की शान में गरबा खेलने डांडिया लेते हुए आने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी श्रीमती अलका जानी ने दी।

# नयनाभिराम आतिशबाजी के साथ सोमनी में दशहरा पर्व 2 को



राजनांदगांव(दावा)। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व ग्राम सोमनी में 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। दशहरा पर्व को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

**0 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल**
**0 छत्तीसगढ़ी हास्य कलाकार पप्पू चंद्राकर की टीम की प्रस्तुति**

सोमनी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष आलोक तिवारी, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख व कमल वैष्णव ने बताया कि इस बार भी दशहरा पर्व हर साल की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। राम लीला के मंचन के बाद नयनाभिराम आकाशीय और जमीनी आतिशबाजी होगी। जिसमें लोगों को इस बार नयापन देखने को मिलेगा। आतिशबाजी के लिए कटक उड़ीसा से कलाकारों की टीम पहुंच गई है। जमीनी आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। साथ ही आकाशीय आतिशबाजी भी जोरदार होगी।

समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम सोमनी क्षेत्र का मुख्य केंद्र बिंदु है। विजयादशमी का उत्सव देखने बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति रहती है। बताया गया कि आतिशबाजी के साथ 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। जिसे स्थानीय कलाकार कीर्ति खांडे और रोशन खूंटे की टीम तैयार कर रहे है। दशहरा पर्व पर राम लीला के बाद रात 11 बजे से छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अभिनय करने वाले हास्य कलाकार पप्पू चंद्राकर, उपासना वैष्णव, उत्तम तिवारी की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कला मंच के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

समिति के अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि बेहतर और सफल आयोजन के लिए समिति के सभी पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, अभिनव तिवारी, प्रकाश वर्मा, सुखदेव साहू, कैलाश विश्वकर्मा, विवेक साहू, जितेंद्र पांडे, नोहर साहू, अद्वितीय तिवारी, प्रांजल देशमुख, भीखम मारकंडे सहित अन्य सदस्य जुटे हुए है।

# सेवा पखवाड़ा में बच्चों ने दिखाया भारत का भविष्य

**भाजपा उत्तर मंडल की चित्रकला प्रतियोगिता में 100 से अधिक बच्चों ने विकसित भारत का स्वप्न उकेरा**



राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर मंडल द्वारा विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन स्टेट हाईस्कूल राजनांदगांव में किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलाकृतियों के माध्यम से भविष्य के विकसित भारत का स्वप्न साकार करने का प्रयास किया। बच्चों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी प्रगति और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। इस आयोजन ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता को मंच प्रदान किया। बल्कि उनमें विकसित भारत के निर्माण हेतु सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, रघुवीर सिंह वाधवा, रोहित चंद्राकर, ऋषिदेव चौधरी, पार्षद राजा माखीजा, प्रमोद झंझाडे उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया और महामंत्री चंद्रभान जंघेल, विनोद भारती ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम प्रभारी साकेत वैष्णव, अभिषेक यदु, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, समीर श्रीवास्तव, व प्रमोद साहू के कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# माँ बम्लेश्वरी मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर : 1200 से अधिक श्रद्धालुओं को मिली स्वास्थ्य राहत



**डॉ. दीपक शर्मा ने कहा - दिव्य स्थल पर सेवा कर पाना सौभाग्य की बात**

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हुडको, भिलाई एवं शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर ने बीते छह दिनों में 1200 से अधिक मरीजों और श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर राहत पहुंचाई है।

### सेवा और मार्गदर्शन

शिविर में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य परामर्श, आवश्यक जांच और निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए शिविर की व्यवस्था दो शिफ्टों में की गई थी। जहां योग्य चिकित्सक लगातार उपलब्ध रहे। इस पूरे आयोजन में शंकराचार्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अध्यक्ष आई.पी. मिश्रा का विशेष मार्गदर्शन रहा। उनके दिशा-निर्देशों में मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा तथा दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### डॉक्टरों और स्टाफ की सराहना

शिविर का संचालन शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग के निदेशक डॉ. दीपक शर्मा एवं डॉ. मोनिषा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। डॉ. दीपक शर्मा ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर जैसे दिव्य स्थल पर श्रद्धालुओं की सेवा कर पाना अत्यंत सौभाग्य की बात है। श्रद्धालुओं ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के निःस्वार्थ सेवा भाव की हृदय से सराहना की। उन्होंने बताया कि स्टाफ ने धैर्यपूर्वक उनकी समस्याएँ सुनीं और भीड़ के बावजूद चिकित्सा सुविधा सहज रूप से प्रदान की।

### सक्रिय सहयोग

शिविर को सफल बनाने में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सी.पी. मिश्रा, संजीव गोमास्ता, बबलू शांडिल्य सहित अन्य ट्रस्टियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। बी.आई.टी दुर्ग के डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती ने स्थानीय समन्वय की जिम्मेदारी निभाई, जिससे शिविर का संचालन सुचारू रूप से हो सका। श्रद्धालुओं ने इस पहल को मानव सेवा का अनूठा उदाहरण बताया और आयोजकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। यह चिकित्सा शिविर सेवा भावना और सामूहिक प्रयास से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ।

# पांच साल पुराने नरकंकाल मामले में युवक को आजीवन कारावास

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डीआर देवांगन के न्यायालय ने एक पांच वर्ष पुराने सनसनीखेज मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी युवक मनोज वैष्णव को आजीवन कारावास और 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला डोंगरगढ़ पहाड़ी के नीचे पाए गए एक नरकंकाल से संबंधित था।

**डोंगरगढ़ पहाड़ी हत्या : आरोपी मनोज वैष्णव पर 2000 रुपये का अर्थदंड भी**

### क्या था मामला

प्रकरण के अनुसार थाना बसंतपुर प्रभारी द्वारा एक गुम इंसान की सूचना पर प्रथम सूचना दर्ज की गई और मामले की विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान अभियुक्त मनोज वैष्णव को शंका के आधार पर गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए मृतिका कुमारी सुमन पटेल की हत्या करना और शव को प्रज्ञागिरी पहाड़ी डोंगरगढ़ के जंगल में फेंकना स्वीकार किया। थाना प्रभारी बसंतपुर ने अभियुक्त के बताए अनुसार प्रज्ञागिरी पहाड़ी के जंगल से नरकंकाल बरामद किया। फोरेंसिक जांच कराए जाने पर यह कंकाल गुम इंसान सुमन पटेल का ही होना प्रमाणित पाया गया।

इस पूरे प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से विनोद कुमार बाजपेयी, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने सफलतापूर्वक पैरवी की। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत प्रमाणों को विश्वसनीय पाया और अभियुक्त मनोज वैष्णव को दोषसिद्ध घोषित किया। न्यायालय ने मनोज वैष्णव को आजीवन कारावास और 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है।

# एफआईआर के बाद 7 घण्टे के भीतर मोटर सायकल चोर गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने मोटर सायकल चोरी कर भागने वाले आरोपी को रिपोर्ट के कुछ ही घंटे बाद धर दबोचा है। घटना डोंगरगढ़ में नवरात्रि पर्व पर लगने वाले मां बम्लेश्वरी मेले की है। पुलिस ने माँ बम्लेश्वरी हॉस्पीटल के पास से मोटर सायकल एवं मोबाईल को लेकर भागे चोर को धर दबोच कर उसके पास से चोरी की मोबाईल एवं मोटर सायकल को बरामद की है।

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एवं विधि सें संघर्षरत बालक के खिलाफ थाना डोंगरगढ़ में कई अपराधिक रिकार्ड है। उन्होंने बताया कि प्रार्थी नितेश चन्द्रवंशी पिता बलराम चन्द्रवंशी ग्राम डुण्डेरा ने 28 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 27 सितंबर को ग्राम डुण्डेरा से अपने दोस्त के साथ मोटर सायकल क्रमांक- सीजी-08/एसी 4563 में मेला देखने डोंगरगढ़ आये हुए थे तभी बम्लेश्वरी हॉस्पीटल के पास रोड तरफ मोटर सायकल को खड़ाकर मोबाईल और चाबी को मोटर सायकल में छोड़कर यूरिन कर रहा था तभी 2 लड़के आये और मोटर सायकल एवं मोबाईल को लेकर भाग गये। उन्हें रोकने का कोशिश किया गया तो वे गाली-गलौज करते हुए भाग गये। इस तरह उक्त चोरों ने उनकी मोटर सायकल एवं एक रियल-मी कंपनी का मोबाईल को चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर धारा- 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### संदेह के आधार पर पकड़े गए चोर

पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोरी के संदेंही आरोपी एकांत यादव पिता देवेन्द्र यादव उम्र-18 साल निवासी ठेठवार पारा डोंगरगढ़ से पूर्व अपराधिक प्रकरण के आधार पर हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ जुर्म करना स्वीकार किया। इसी तरह विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार कर मोबाईल को मोटर सायकल के साथ माँ बम्लेश्वरी पार्किंग छीरपानी में रखना बताया। जिस पर उनके निशानदेही पर मोटर सायकल एवं मोबाईल को बरामद कर जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी एकांत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आईपी क्लब समेत सात बार, क्लब, पब, रेस्टोरेट के लायसेंस रद्द

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सात बार/क्लब/पब के लायसेंस किए रद्द कर दिये हैं। फिलहाल, ये लायसेंस तीन दिन के लिए कैंसिल किये गए हैं। 30 सितंबर से तीन अक्तूबर के लिए अनुज्ञप्ति शर्तों के उल्लंघन एवं कानून व्यवस्था की स्थिति बनने के कारण लंबित किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जिनके लायसेंस कैंसिल किये गये हैं। उनमें एफएल-2 (ए) रेस्टोरेट बार हाईपर क्लब, सिमंस बार, एफएल-4 (ए) व्यावसायिक क्लब जुनेजा वेंचर्स (मोका), एफएल-3 (ए) शॉपिंग मॉल एवं रेस्टोरेंट बार रॉयल रीट्रिट (आईपी क्लब), एफएल-3 होटल बार शीतल इंटरनेशनल (जूक क्लब), होटल बार मिलानो फुड कंपनी और होटल बार सेमरॉक ग्लोबल सेरीखेड़ी के लायसेंस तीन दिवस के लिए रदद् कर दिए गए हैं।

# डोंगरगढ़ यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का देवादा चौक पर भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ माता बम्लेश्वरी देवी के दर्शन हेतु जाते समय छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का सोमवार को देवादा (टेढ़ेसरा) चौक में ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन व मंडल अध्यक्ष परस साहू एवं सेक्टर अध्यक्ष लक्की चंद्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य रूप से उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों में पूर्व सरपंच देवलाल साहू, पदम कोठारी, मोतीलाल साहू, पंकज बांधव, जिला महासचिव चंद्रकांत (पप्पू) साहू, जिला महासचिव सुनिल कोठारी, रॉबिन सिंह, राजेन्द्र देशमुख, सुरेश चतुर्वेदी, अवध सिन्हा, राजेश यादव, संतोष देशमुख, संजय देशमुख, तोरण साहू, राजेश साहू, संतोष साहू, यवनेश साहू, कोमल साहू, अजीत साहू, राधेश्याम, मनोज साहू, भरत सिन्हा, महेश साहू, परमेश साहू, उमेश साहू, धनेश साहू, सीताराम साहू, मंगलू साहू सहित अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। देवादा चौक में कांग्रेसजनों द्वारा फूल-मालाओं एवं नारों से स्वागत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को क्षेत्र की राजनीतिक दृष्टि से ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।

# औद्योगिक विकास को गति देने कलेक्टर ने जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक ली



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम 2002 के तहत जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में औद्योगिक विकास से संबंधित लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास के लिए यह आवश्यक है कि सिंगल विंडो के अंतर्गत सभी दस्तावेज एवं प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूर्ण हो सके ताकि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिले और कार्य बाधित नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम बिजेतला में अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार अंतर्गत स्पेस मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने ग्राम बिजेतला में भू-अर्जन हेतु लंबित शासकीय एवं निजी भूमि क्रय आपसी सहमति से शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां लाईट, रोड, पेयजल एवं अन्य कार्यों के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम बिजेतला में इस प्रोजेक्ट के निर्माण में आ रही दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा जिले में उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सानू व्ही. वर्गीस ने जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की संरचना, गठन एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग मुकेश साहू, उप संचालक नगर निवेश, उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, उप संचालक खनिज भरत बंजारे, लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीएसटी का मतलब गजब का सस्ता टैक्स : मो. इरफान शेख



राजनांदगांव (दावा)। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा दशहरा और दीपावली के अवसर पर जीएसटी स्लैब में किए गए बदलावों ने आमजन को राहत की सांस दी है। महंगाई की मार से जूझ रही जनता को अब सस्ते दामों में ज़रूरी वस्तुएँ मिल रही हैं। बाजारों में ग्राहकों की भीड़ और खरीदारी की रौनक यह साबित कर रही है कि सरकार का यह कदम बेहद कारगर साबित हुआ है।

**हैरी जोसेफ ने कहा कांग्रेस जनता को गुमराह करना बंद करें**

भाजपा नेता मोहम्मद इरफान शेख ने कहा कि वास्तव में जीएसटी का मतलब गजब का सस्ता टैक्स है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां हमेशा जनता के हित में रही हैं और अब जीएसटी के नए प्रावधानों से त्योहार से लेकर शादी सगाई तक के सीजन में परिवारों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। वहीं भाजपा नेता हैरी जोसेफ ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहकर जनता को गुमराह करने की कोशिश की। उन्होंने कहा हेमा सुदेश देशमुख का यह बयान उनकी सत्ता खोने की बौखलाहट को दर्शाता है। हकीकत यह है कि जीएसटी गब्बर सिंह टैक्स नहीं बल्कि गजब सुंदर टैक्स है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती और जनता को राहत मिल रही है।

भाजपा नेता शेख व जोसेफ का कहना है कि जीएसटी के सरल और पारदर्शी स्वरूप ने छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगों तक को राहत दी है। टैक्स चोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा है और आम उपभोक्ता को सीधे-सीधे फायदा मिल रहा है। त्योहारों में जैसे ही इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, ज्वेलरी और घरेलू सामान की खरीददारी बढ़ी है। वैसे ही शादी-सगाई के सीजन में भी होटल, केटरिंग, कपड़ा और आभूषण उद्योग को राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है। केंद्र सरकार लगातार जनता को ईज ऑफ लिविंग देने के लिए काम कर रही है। जीएसटी दरों में कमी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आने वाले समय में आम नागरिक के जीवन पर इसका सकारात्मक असर दिखाई देगा। मोदी सरकार ने हर वर्ग के लोगों को राहत देने के लिए जीएसटी में सुधार किए हैं। अब शादी सगाई जैसे बड़े अवसरों पर भी लोगों को कम खर्च उठाना पड़ेगा।

## अनमोल दावा

> "शिक्षित व्यक्ति को समाज में हर जगह सम्मान मिलता है।"

## पारिवारिक दलों में विरासत की तकरार, कब लगेगी इस पर लगाम?

दरअसल पारिवारिक पार्टियों में उत्तराधिकार की लड़ाई तब छिड़ती है जब पार्टी का संस्थापक कमजोर हो जाता है और सत्ता उसके हाथ से फिसल चुकी होती है। वोटर भले ही अपने पारिवारिक स्तर पर भारतीय परंपरा को निभाता हो लेकिन वह उसे ही राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार करता है जिसे राजनीतिक परिवार का मुखिया अपना उत्तराधिकारी घोषित करता है।

बिहार में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इन दिनों पारिवारिक संकट से गुजर रहा है। पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य कारणों से पहले की तरह सक्रिय नहीं हैं। भारतीय परंपरा में पिता का उत्तराधिकारी बड़ा बेटा होता है, लेकिन राजद में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप की जगह छोटे बेटे तेजस्वी यादव स्वीकार्य हो चुके हैं। इसके बावजूद इन दिनों पार्टी में खींचतान बढ़ी है। तेजप्रताप यादव राजद से निकाले जा चुके हैं। इसके जवाब में उन्होंने जनशक्ति जनता दल के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली है।

उनकी बहन रोहिणी आचार्य कभी तेजप्रताप का साथ देती नजर आ रही हैं तो कभी परोक्ष रूप से तेजस्वी पर हमला करती दिख रही हैं। राजद में सत्ता की लड़ाई की वजह हरियाणा मूल के संजय यादव को माना जा रहा है, जो इन दिनों तेजस्वी के नजदीकी और पार्टी के राज्यसभा सदस्य हैं। वैसे बीते लोकसभा चुनाव में पारिवारिक हिस्सेदारों को खुश करने की कोशिश पार्टी में खूब दिखी। रोहिणी आचार्य को सारण लोकसभा सीट और मीसा भारती को पाटलिपुत्र से टिकट मिला था। तेजस्वी और तेजप्रताप विधानसभा के सदस्य पहले से ही हैं। लालू यादव की सबसे बड़ी बेटी मीसा चुनाव जीतने में कामयाब रहीं तो रोहिणी को हार का सामना करना पड़ा। मीसा बेशक इन दिनों चुप हैं, लेकिन उनकी नाराजगी भी सतह पर आती रही है।

परिवार केंद्रित पार्टियों में ऐसा संकट सामने आता रहता है। पारिवारिक पार्टियां दिखावे के लिए भले ही संसदीय राजनीतिक परंपराओं और मर्यादाओं की रस्में पूरी करती रहती हैं, लेकिन हकीकत में वे प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की तरह चलाई जाती हैं। राजद की भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। वैसे राजद अकेला ऐसा दल नहीं है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस, कर्नाटक में जनता दल-एस, तमिलनाडु में डीएमके, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल भी एक तरह से पारिवारिक पार्टियां ही हैं। जहां लोकतांत्रिक परंपरा और चुनाव कानूनों को निभाने की रस्में भर पूरी की जाती हैं, लेकिन सत्ता का असल केंद्र एक परिवार ही होता है। जब उन पारिवारिक पार्टियों का संस्थापक कमजोर पड़ने लगता है, तब उनमें संपत्ति, सत्ता और उत्तराधिकार की जंग छिड़ जाती है। राजद में जो हो रहा है, वह इसी का एक रूप है।

राजद की तरह पारिवारिक विवाद तो तेलंगाना की सत्ता पर दस साल तक काबिज रही भारत राष्ट्र समिति में भी शुरू हो चुका है। पार्टी के संस्थापक के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उनकी अपने ही भाई और चंद्रशेखर राव के उत्तराधिकारी माने जा रहे केटी रामराव से तालमेल नहीं बैठ रहा।

तेलंगाना से सटे आंध्र प्रदेश की सत्ता पर दस साल काबिज रह चुके वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ उनकी बहन वाईएस शर्मिला ने मोर्चा खोल रखा है। वाईएसआर कांग्रेस में पारिवारिक विवाद की वजह भी पारिवारिक संपत्ति और सत्ता में हिस्सेदारी है। पड़ोसी तमिलनाडु के प्रथम राजनीतिक परिवार में भी सत्ता और संपत्ति को लेकर विवाद अब भी जारी है। के. करुणानिधि ने छोटे बेटे एमके स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाकर स्थापित कर दिया।

हालांकि उनके दूसरे बेटे एमके अलागिरी को स्टालिन की सरपरस्ती स्वीकार्य नहीं थी। इसलिए परिवार में सत्ता के उत्तराधिकार की लड़ाई जारी रही। करुणानिधि के भतीजे मुरासोली मारन के बेटे कलानिधि मारन और दयानिधि मारन के बीच संपत्ति का विवाद हाल में राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियां बना था। हरियाणा का चौटाला परिवार तो राजनीतिक उत्तराधिकार की लड़ाई में खंड-खंड हो चुका है। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में भी संपत्ति और उत्तराधिकार की जंग ऐसे ही छिड़ी थी।

# भीड़ हादसों और त्रासदियों का सिलसिला कब थमेगा?



-ललित गर्ग-

तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) प्रमुख और सुपर अभिनेता से नेता बने विजय की चुनावी रैली के दौरान मची भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ स्तब्ध करने एवं पीड़ा देने वाली भी है। विजय की रैली में एक बार फिर भीड़ की बेकाबू उन्मत्तता ने 40 मासूम जिंदगियों को निगल लिया। सवाल उठता है कि आखिर कब तक ऐसी त्रासदियां हमारे समाज और शासन की नाकामी को उजागर करती रहेंगी? क्यों हमारी व्यवस्थाएं भीड़ को नियंत्रित करने में बार-बार विफल होती हैं और क्यों राजनीतिक दल, धार्मिक आयोजक, सिनेमा स्टार या अन्य तथाकथित 'सेलिब्रिटी' भीड़ के जमावड़े को सफलता का पैमाना मानकर उसे उकसाते हैं? भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य एवं टीवीके प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और अभिनेता से नेता बने विजय को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक एवं दर्दनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन, सत्ता एवं राजनीतिक दलों का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

अभिनेता विजय की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें दुखद एवं शर्मनाक है। इस राज्य में दशकों से विशाल राजनीतिक सभाओं की संस्कृति रही है, जिसे फिल्म और राजनीति के मेल ने पोषित किया है। सीएन अन्नादुरई, एमजी रामचंद्रन और जयललिता, सभी मुख्यमंत्री बनने से पहले फिल्मी सितारे थे। उनकी रैलियों में अक्सर लाखों लोग आते थे। स्टार पावर और राजनीति का मेल अधिकारियों के लिए भीड़ को नियंत्रित रखना मुश्किल बना देता है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टीवीके अभी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन इसकी रैलियों में प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि सिने स्टार को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले



भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है।

करीब तीन महीने पहले जून में बंगलूरू में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में भी करीब एक दर्जन लोग मारे गए थे। हालांकि, शनिवार रात करूर में उमड़ी भीड़ किसी राजनीति जमावड़े से अधिक अपने सुपरस्टार को करीब से देखने के लिए बेताब प्रशंसकों की थी। इसी उन्माद में, जब एक पेड़ की डाली पर चढ़े कुछ समर्थक अभिनेता की प्रचार गाड़ी के पीछे खड़े लोगों पर गिर पड़े, तो दहशत फैल गई और रैली एक हादसे में बदल गई। इसी में करीब 40 लोगों के मरने और कइयों के घायल होने की खबरें हैं। तमिलनाडु में, 2026 में चुनाव होने हैं और टीवीके बेशक मैदान में उतरने की घोषणा कर चुकी हो, लेकिन दुर्घटना के बाद विजय जिस तरह से जल्दबाजी में चार्टर्ड फ्लाइट से चेन्नई चले गए, उससे यही साबित होता है कि अभी उन्हें राजनीति के कई सबक एवं राजनीतिक मूल्यों को सीखने हैं। क्योंकि आखिर वह अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं? टीवीके ने तीस हजार लोगों की अनुमति ली थी और इसी हिसाब से पुलिस की तैनाती भी हुई थी। लेकिन शाम होते-होते इसके दोगुने लोग अभिनेता की एक झलक पाने को मौजूद थे।

निश्चित ही भीड़ कोई संगठित चेतन शक्ति नहीं होती, यह एक उन्मादी प्रवाह है जिसमें व्यक्ति की सोच, विवेक और संवेदना विलीन हो जाती है। भीड़ के सामने व्यक्ति का आत्मनियंत्रण टूट जाता है और वह हिंसक, अनुशासनहीन और खतरनाक रूप ले लेती है। यही कारण है कि क्रिकेट मैच से लेकर राजनीतिक रैली, धार्मिक आयोजन और फिल्मी सितारों की झलक तक, हर जगह भीड़ का जुनून कई बार मौत का तांडव बन जाता है। इतिहास गवाह है कि भीड़ की हिंसा ने न केवल जानें ली हैं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी चोट पहुंचाई है। 1984 के सिख विरोधी दंगे, 1992 का बाबरी मस्जिद प्रकरण, गुजरात हिंसा, धार्मिक जुलूसों में भगदड़ या तीर्थयात्राओं में दबकर मरने वाले सैकड़ों लोग-इन सबकी जड़ में 'भीड़' है। भीड़ के भीतर छिपा हुआ सामूहिक उन्माद किसी भी क्षण हिंसा, लूट और तबाही में बदल जाता है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे एवं हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।

विजय और उनके समर्थक कुछ भी कहें, वे अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकते। इसलिए और नहीं बच सकते, क्योंकि उन्होंने अपनी रैली में आने वाले लोगों की संख्या के बारे में भी कोई सही जानकारी नहीं दी थी। बहुत संभव है कि इसके चलते पुलिस ने भी पर्याप्त व्यवस्था न की हो। तमिलनाडु में सेलेब्रिटी स्टेटस वाले लोगों के प्रति दीवानगी कुछ ज्यादा ही है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# पास पड़ोस में : जब कवि कुमार की गली में बनना शुरू हुआ सीमेंट-कांक्रीट रोड (भाग 1)

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



बरसात के कारण जलजमाव से अच्छी अच्छी सड़कों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। लगातार बारिश से कवि कुमार के मोहल्ले में भी थोड़ा पानी जमा हो जाता है। उनके घर के पास वाली गली की भी हालत थोड़ी बुरी हो जाती है। स्वाभाविक है, भारी वर्षा है तो पानी और कीचड़ तो जमा होगा ही।

शहर में हो रहे व्यापक सड़कों नालियों आदि के निर्माण कार्य के साथ जब मोहल्ले के लोगों को यहां की गलियों में सीसी रोड (सीमेंट कंक्रीट रोड) के निर्माण की सूचना मिली तो सभी लोग प्रसन्न हो गए।

इस कार्य का श्रेय लेने के लिए मोहल्ले के नागरिकों में होड़ मच गई। सभी गली के आखिरी छोर पर एक खुली जगह में एकत्र होकर विचार विमर्श करने लगे। सभी यह बताने का प्रयास कर रहे थे कि उन्होंने ही इस कार्य की स्वीकृति दिलाई है और अगर वे व्यक्तिगत प्रयास नहीं करते तो यह निर्माण कार्य स्वीकृत हो ही नहीं सकता था। सभी नगर निगम के जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक से अपनी जान पहचान होने का दावा कर रहे थे। कवि कुमार ने कहा, ''यह बहुत अच्छा है कि आप लोगों ने व्यक्तिगत प्रयास किया और सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है, लेकिन एक झटके में ऐसा नहीं होता है। इसके लिए बाकायदा प्रस्ताव बनता है और पूरी मशीनरी काम करती है। संवेदनशील जनप्रतिनिधि, सजग नागरिक तथा कर्मठ प्रशासन तीनों के योग से ही कोई सार्वजनिक कार्य सफल होता है।''

कवि कुमार के मित्र टिप्पणी प्रसाद ने कहा, ''कवि महोदय,आप किसी की बुराई कर ही नहीं सकते हैं और आप हर कार्य में संतुलन ढूंढते रहते हैं। जब बारी आती है तब भी आप एक पक्ष का साथ देने के बदले संतुलित होकर सोच समझकर टिप्पणी करते हैं। आप राजनीति में नहीं हैं, लेकिन किसी राजनैतिक दल के चतुर प्रवक्ता की तरह बात करते हैं।''

कवि कुमार ने हँसते हुए कहा, ''यह संतुलन तो जीवन में बहुत आवश्यक है मित्र। नीर-क्षीर विवेक दृष्टि ना हो तो हम एक पक्ष से ही किसी चीज को देखने लगते हैं, जो कि सही नहीं है।''

थोड़ी ही देर में सर्वे करने वाले अधिकारी और कर्मचारी आकर गली की लंबाई-चौड़ाई का नाप जोख करने लगे।

एक अधिकारी ने एक घर की ओर संकेत करते हुए कहा, ''इस घर के बाहर गली में जो सीढ़ियां निकली हुई हैं, उनमें से नीचे की दो सीढ़ीयां दब जाएंगी।''

वह घर महत्व राम का है। उनकी पत्नी ने शाम को मोहल्ले की नारियों के साथ विचार विमर्श के लिए ये सीढ़ियां बनवाई हैं। इस पर बैठकर मोहल्ले से लेकर रूस- यूक्रेन युद्ध तक तक की चर्चा होती है। वह जानते थे कि उनकी मुखर पत्नी इस अधिकारी को दो-तीन बात सुनाएंगी, लेकिन हुआ इसका उल्टा। उसने मुस्कुराते हुए कहा, ''कोई बात नहीं अच्छा है सर, गली की सड़क चौड़ी हो जाएगी। एक दो सीढ़ीयां कम हो जाएंगी तो क्या? हम लोग शाम को इस गली में कुर्सियां लगाकर गप-शप कर लिया करेंगे।''

दो दिन बाद ही नगर निगम की ओर से निर्माण कार्य शुरू हो गया और मिक्सर तथा अन्य मशीनें आकर खड़ी हो गईं। सीमेंट, पानी, रेत और गिट्टी के मिश्रण से तैयार होने वाले इस रोड को लेकर लोगों की उत्सुकता देखते ही बनती है।

(यह एक काल्पनिक कथा है। इसके किसी भी अंश से कोई भी समानता संयोग मात्र ही होगी।)

## सामयिक कहानी

### विकासशील के आने से विकास होगा

आज खबर पढ़कर
बानी बोले - ''गजाधर!
छत्तीसगढ़ सरकार ने
वरिष्ठ आईएएस अधिकारी
विकासशील को
प्रदेश का नया मुख्य सचिव
नियुक्त किया हैं।
इस पर गजाधर!
कहिए, आपकी
क्या प्रतिक्रिया है।
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
यह तो खुशी की बात है
मुझे लगता है भाग्य भी अब
प्रदेश के साथ है।
हमारे राज्य में
विकासशील के आने से
निश्चित रूप से
खुशियां ही खुशियां,
आनंद ही आनंद आएगा।
हमारे छत्तीसगढ़ का
विकास और विकास होता
चला जाएगा।''



गिरीश बख्शी

## कहानी

# देवर

सपेरे को सांप का पिटारा लेकर आते देख, भाभी के चेहरे का रंग उड़ गया 1, 'ऐ सपेरे पिटारा मत खोलना,,, तुम यहां से जाओ,,, मुझे डर लगता है।' सपेरा 'नाग देवता है, माता,,। दर्शन कर कुछ चढ़ावा दे, दें,, भगवान आशीष देगा।'

सपेरा अपने स्वाभाविक प्रवृति से मजबूर पिटारा खोल नाग को छूकर उसे फन काढ़ने उत्तेजित किया। नाग फुफकारते हुए फन काढ़ सिर हिलाने लगा। सुमित भाभी के भाव ताड़ गया और तुरंत पांच का सिक्का पिटारे में डालकर, सपेरे को चलता किया।

भाभी के अन्तर्मन में हाहाकार मच हुआ था। आखिर क्यों न, मचे ? लोग इतनेल खरतरनाक, जहरीले सांप को अपने पेट पालने के लिए क्यों इस्तेमाल करते है?.....उस जीव की स्वतंत्रता, भूख, प्यास, छीन लेते हैं। उसका क्या भरोसा कब किसे डस, ले. कितने बार भी दांत तोड़े। आखिर उसके पति को . उस जहरीले सांप ने डस लिया था। जहरीले दांत पुनः उग आते हैं। यदि फिर डस ले तो, उसका राम नाम सत्य समझो.। आखिर उसके पति का क्या दोष, अंधेरे में धोखे से सांप के पूंछ पर पैर पड़ गया था। लाख जतन व इलाज करने के बाद भी पति भगवान को प्यारे हो गए। तब से भाभी को खासकर सांप से बहुत नफरत व चिढ़ है। उसे न देखने की प्रतिज्ञा कर चुकी है, भूले से देख ले तो दिन भर अन्न ग्रहण नहीं करती।

सुमित को याद है। भाभी के खुशी वाले दिनों मै कमल की पंखुड़ी जैसी बड़ी-बड़ी आँखें.. कमर तक लंबे घने बाल.. गोरा मुख,, छरहरा बदन नदी की तरह लहराती थी भाभी । फूलों की तरह खिली-खिली, सभी का मन मोहती,, सभी की आवश्कता पूरा करती,, प्रसन्न रहती।

वो होली में बड़े भैय्या ने इतराते हुए कहा 'सुनैना। कहां रंग डालू,, तेरा कोई अंग खाली नहीं, कहां से रंगू तूझे,,?

भाभी लजा गई। 'हटो भी। आज होली है,। का हम बिना रंगों के होली मनायेंगें ,, हमें रंग नहीं डालोगे?

'रंग तो डालेंगें भागवान। ये तो ऊपर का रंग है। हमारे प्रीत के रंग का नशा तुम पर हर घड़ी सवार रहता है। 'भैया ने गुलाल से भाभी का मुख लाल कर दिया। वहीं भाभी कब पीछे रहने वाली थी। वो भी भैया पर रंग लगाने पिल पड़ी। खुशियों की बौछारे आंगन में होने लगी।

हे भगवान,,। अम्मा और बाबू जी को क्या हो गया है? वे दबे जुबान से कह चुके है। घर की इज्जत घर में रहे तो बेहतर हैं। हमारे समाज में तो ऐसा ही रिवाज है ।भाभी जब खाली हाथ हो जाती है देवर संग (ब्याही) चूड़ी पहनाकर जीवन साथी बना दी जाती है। सुनैना सुनी तो, मानो किसी ने कान में पिघला शीशा उड़ेल दिया हो। चेहरे का रंग फक्क पड़ गया। जान सांसत में पड़ गई। सैकड़ो गमो का सैलाब आया और शरीर के इस पार से उस पार हो गया।घर के बुजुर्गों को क्या चाहिए, बचत और रिवाजों की खाना पूर्ति?,, इधर भले ही दो जिन्दगियां बरबाद हो जाए। इससे उन्हें क्या? सुमित अपनी भाभी से चार साल छोटा है। वह उसे भाभी माँ का दर्जा देता है। तो वह उसे अपनी जीवन संगिनी के रूप में कैसे स्वीकार कर सकता है?क्या रीति रिवाज जिन्दगी से बढ़ कर है? अपने मनमर्जी का जीवन साथी चुनने का अधिकार उसे है? रही बात खर्चे की, वह भी तो अच्छा कमा लेता है। शादी वह अपनी प्रेमिका से ही करेगा। उसके पास विवाह के लिए आवश्यक धन का इंतजाम है।

अम्मा और बाबू जी को कौन समझाये,,। ऐसे बेमेल विवाह से जीवन नरक बन जाता है। जिसमें रिस्ते को ढोने के शिवाय और कुछ नहीं है। जीवन में भला वो खुशियां कहां नसीब होगा? जहां दो चाहत एक होते है, भाभी ने इसका मामूली विरोध जतायी थी, जिसे उलाहना, ताना, रिवाज का नाम देकर उसे चुप करा दिया गया।

सुनैना अपने देवर को बेटे की तरह ही चाहती और ममता करती है। उसे परिवार से अलग विचारधारा का व्यक्ति समझती है। और हुआ भी वही एक दिन। सुमित भाभी को स्पष्ट शब्दों में कहा 'माता-पिता चाहे मुझे इस घर से निकाल क्यो न दे। मैं उनकी बातों से सहमत नहीं हूँ। आप निश्चिंत रहिए। शादी वाली बात अम्मा-बाबू जी का चलने नहीं दूंगा' कुछ पल रूक फिरा बोला 'मैं आप को भाभी माँ मानता हूं इसलिए रिस्ता माँ-बेटे का रहेगा। ये मेरा वादा है।'

सुमित की बात से सुनैना का मन हल्का हुआ। वह पहले ही प्रण कर चुकी थी। अगर मा-बाबू ज्यादा दबाव डालेंगे तो वह मायके चली जाएगी। कभी लौट कर न आने के लिए। मगर रिवाजों की बली नहीं चढ़ेगी। एक दिन सुमित भाभी को छेड़ने को आतुर था।,, 'भाभी,, आपसे कुछ कहना चाहता हूँ।' तो बोल न क्यों झिझक रहा है? 'सोचता हूँ अम्मा-बाबू जी सही तो कहते हैं? उनके बातों में दम है।'

अच्छा। क्या दम है। मुझे जरा बताना। आखिर कौन सी बात तुम्हें लुभा रही है।' 'अब आपसे क्या छुपाना। आप बहुत सुन्दर हो । साथ में पांच साल रहकर एक-दूसरे को जानते भी है। तुम बूरी भी नहीं हो। इसलिए थकहार कर आपसे ब्याह रचा ही लेता हूँ।'

सुनैना तुरन्त सुमित के कान मरोड़ते बोली 'मुझसे शादी करेगा? कहाँ गया तेरा वादा? किसने तेरे कान भर दिए देवर जी,,?

भाभी कान छोड़ीये बहुत दर्द हो रहा है। मैं तो मजाक कर रहा था।'

भाभी मुस्कारने लगी। सुमित गदगद हो मुस्कुराया। 'सुनो, देवर जी। आपका समाज क्या मेरे विचारों में हुकुमत चलायेगा? ये अधिकार उसे किसने दिया? क्या समाज तय, करेगा मुझे कैसे जीना चाहिए? मैं पहले भी स्वतंत्र थी। अब भी हूँ और भविष्य भी रहूंगी।

'वाह। भाभी। आप तो झांसी की रानी लक्ष्मी बाई बन गई। मुझे आप से यही उम्मीद थी। बस मेरा सिफारिश अम्मा बाबू जी से करके ,अपनी देवरानी वाली बात उन्हें बता दीजिए। अगर शादी करूंगा तो उसी से वर्ना जीवन भर कुंवारा रहूगां।'


'मां-बाबू जी मैं सारी बातें देवर जी और उसके पसंद के बारे में बता चुकी हूँ।

लड़की अच्छी है शादी जल्दी कर दीजिए। मैं मायके जा रही हूँ। जब शादी तय हो जाए मुझे खबर देना मैं आ जाऊगी।' सुनैना जब घर से बाहर आयी। सुमित सामान लेकर खड़ा था। विदाई देने और बस स्टाप तक छोड़ने के लिए।

मानसिंह 'मौलिक'
महामाया चौक,
बंसतपुर राजनांदगांव
मो. 9131618653




## राशिफल



**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यापार को आगे बढ़ाने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। साथ ही किसी नये प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आज आप खुद को तैयार रखेंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले से काफी अच्छा रहेगा, आप खुद को एनर्जेटिक फील करेंगे। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।




**वृष राशि** — आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छा धन लाभ होगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा और आप जीवनसाथी को जरुरत की वस्तु उपहार में देंगे। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकतें हैं। मां कात्यायनी का ध्यान करें।



**मिथुन** — आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी विशेष कार्य में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। साथ ही नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स को नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे वे बहुत अच्छे से कम्पलीट करेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति ठीक होगी।



**कर्क** — आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज घर के कार्यो को लेकर महिलाओं की जिम्मेदारियां बढ़ेगी, लेकिन जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही समस्याएं दूर होंगी।




**सिंह** — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप किसी अनुभवी की राय लेकर कार्य करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के इलेक्ट्रानिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों को आज अधिक धन लाभ होगा, जिससे आपके सुख ङ्क सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज कारोबारियों को बड़ा मुनाफा होने के योग बन रहें है ।



**कन्या** — आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज आपका शिक्षण संस्थान से जुड़ा कार्य पूरा होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है। साथ ही फोन पर आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जिससे भविष्य में आपको फायदा जरूर होगा।



**तुला** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपको किसी भी काम में जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए, काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप ऑफिस के किसी काम में थोड़ा ज्यादा व्यस्त रहेंगे, जिससे आपको शारीरिक थकान हो सकती है। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगायें, घर में शांति का माहौल रहेगा।




**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज कॉन्ट्रैक्ट का कार्य कर रहे व्यक्तियों को नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। आज आपकी ऑफिस के कार्यों में थोड़ी ज्यादा व्यस्तता रहेगी, लेकिन सहकर्मियों के सहयोग से सब आसानी से निपट जायेगा। इस राशि के फैशन डिजाईनिंग के छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा।



**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बात किसी खास रिश्तेदार से होगी, उनके साथ आप व्यापार शुरू करने की बात भी करेंगे। आज आप अपने खर्चों को नियंत्रित करने के लिए नयी योजना बनायेंगे। आज आपको ऑफिस में अच्छी तरह कार्य पूरा करने पर वाहवाही मिलेगी।



**मकर** — आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आज करियर को लेकर आप कुछ अच्छे फैसले लेंगे। साथ ही आज आप अपने कार्यों को समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज आप किसी प्रोपर्टी में निवेश करने से पहले घर में विचार विमर्श जरूर करें। इस राशि के मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर का सहयोग मिलेगा।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज उच्च अधिकारियों से परिचय आपके काम आयेगा। साथ ही करियर में तरक्की के योग बन रहे है। आज आप शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगें। पहले से लिये गए फैसले आज आपको बेहतर फल देंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने का मन बना सकते हैं।



**मीन** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में नये विचारों पर अमल करने के लिए दिन अच्छा है। आज आप जिस कार्य को करने की सोचेंगे, उसमें कामयाबी जरूर मिलेगी। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, कारोबार में बरकत होगी।

# एनएचएम कर्मचारियों की 6 मांगों पर अब भी आदेश का इंतजार, 25 बर्खास्तों की बहाली पर नजरें



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16,500 कर्मचारियों ने त्योहारी मौसम में सरकार से 'गिफ्ट' की उम्मीद जताई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में संघ के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया था। अब नजरें मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक पर टिकी हैं, जिसमें कर्मचारियों को 6 प्रमुख मांगों व 25 बर्खास्त पदाधिकारियों की बहाली पर निर्णय की उम्मीद है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने बताया कि कर्मचारी 18 अगस्त से 33 दिन तक हड़ताल पर रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन स्थगित किया गया था।

उस दौरान 10 में से 4 मांगों को तुरंत पूरा करने और शेष को तय समय सीमा में पूरा करने का भरोसा मिला था।

**कैबिनेट बैठक से बंधी उम्मीदें**

### त्योहारों में 'कटौती' का जख्म

जहाँ विभिन्न संस्थान अपने कर्मचारियों को बोनस दे रहे हैं, वहीं एनएचएम कर्मचारियों के लिए 33 दिन की हड़ताल अवधि का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया गया। इससे कर्मचारियों के लिए नवरात्रि, दशहरा और दीपावली का त्योहार फीका हो गया है। संघ का कहना है कि अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ कि जायज मांगों को लेकर हड़ताल करने वाले कर्मचारियों का वेतन काटा गया हो, जबकि उनकी मांगों को संवैधानिक और जायज भी माना गया था।

### 33 दिन की हड़ताल की प्रमुख मांगें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का स्वास्थ्य विभाग में संविलियन, नियमितीकरण, अन्य विभागों की तरह ग्रेड पे लागू करना, 2023 से लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, सीआर में पारदर्शिता, एक माह सवैतनिक दुर्घटना अवकाश, स्थानांतरण नीति लागू करना, अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान, पब्लिक हेल्थ कैडर का निर्माण, कैशलेस चिकित्सा बीमा का लाभ।

### संघ की अपील

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ने बातचीत के दौरान कर्मचारियों को अपने बच्चे बताते हुए उनके साथ न्याय का आश्वासन दिया था। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली और शेष मांगों पर आदेश जारी कर 'विष्णु के सुशासन' को मूर्त रूप दिया जाता है या नहीं।



घुमका (दावा)। श्री राम मंडल अवंती चौक घुमका नगर।

# कुमरदा भाजपा मंडल व युवा मोर्चा ने उमरवाही में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा के आश्रित ग्राम उमरवाही में कुमरदा भाजपा मंडल व भाजपा युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अंतर्गत मनाया जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 24 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के करीब 40 युवाओं ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष हृदयराम देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है एवं नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं डबल इंजन की सरकार से राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय राज्य को विकास की गति प्रदान कर रहे हैं। हमें खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व गुरु के नाम से पूरे विश्व में अपनी पहचान बन चुके हैं। आज उनके जन्मदिन पर उमरवाही में युवाओं द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जा रहा है, जो जरूरतमंदों को मुश्किल वक्त में बहुत उपयोगी साबित होगा। आज हमारी पहली जिम्मेदारी समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करना है।

वही जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की नेतृत्व में देश व राज्य लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली जिम्मेदारी है कि हम युवाओं को प्रोत्साहित करें और उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़ सके। उन्होंने रक्तदान शिविर में रक्तदाता युवाओं की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने बताया कि रक्तदान से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता, अपितु नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। कैंसर जैसे घातक रोगों के होने का खतरा कम रहता है। मोटापा से भी बचा जा सकता है। वहीं कार्यक्रम को हिरेंद्र साहू, अनंत तिवारी, भूपेंद्र नायक, मुकेश साहू, ठाकुरराम यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कोमल सिन्हा, पतिराम साहू, संजय सिंह, ईश्वर निर्मलकर, चोवा साहू, बोधन साहू, नागेश रावटे, ओमप्रकाश आदि का योगदान सराहनीय रहा। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच रामाधीन रावटे व समाजसेवी लक्ष्मीचंद जैन की भी उपस्थिति रही। महतारी एक्सप्रेस गाड़ी में अवैध शराब तस्करी को लेकर छुरिया बीएमओ को तत्काल हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने 29 सितंबर को नगर पंचायत छुरिया में महतारी एक्सप्रेस में महतारियों की जगह अवैध शराब की तस्करी करते महाराष्ट्र निर्मित 16 पेटी शराब पकड़ा गया है। किसके संरक्षण में यह अवैध शराब कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। तत्संबध में तत्काल छुरिया बीएमओ को हटाने की मांग को लेकर खुज्जी विधायक के अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया गया और धरना प्रदर्शन में विधायक साहू सहित सभी वक्ताओं ने शराब प्रकरण की गहन जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। इस धरना प्रदर्शन आंदोलन के दौरान श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक खुज्जी, रितेश जैन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, राजू सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, विपीन यादव, राहुल तिवारी, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, चुम्मन साहू, पूरन नेताम, अकिल मेमन, टिकेश साहू, पार्षद, वसीम खान, रोशन साहू, सोनू खान पार्षद, किशोर बोहरा सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।



खैरागढ़ (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने मां संतोषी माता एसपी नगर तुरकारीपारा में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, उन्नति और प्रगति की कामना की।

# आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म पर मण्डल स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न





अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा द्वारा आजादी के शताब्दी वर्ष तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करते हुए 2047 तक आत्म निर्भर भारत बनाने का संकल्प व नेक्स्ट जेन जीएसटी से लाभ को हर गांव घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मण्डल स्तरीय कार्यशाला अम्बागढ़ चौकी स्थित साहू धर्मशाला में सम्पन्न हुआ।

स्वागत भाषण देते हुए मण्डल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की प्रस्तावना व 90 दिवसीय कार्यक्रम का रूपरेखा प्रस्तुत किया। मण्डल प्रभारी व सह संयोजक ज्ञानचन्द्र कुम्भज ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी को दैनिक जीवन में उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करते हुए सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना है। जब हमारे गांव के छोटे-छोटे कारीगरों को काम मिलेगा तो उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, इसके लिए हमें उनके द्वारा बनाये वस्तुओं को खरीद कर प्रोत्साहित करना होगा। मेक इन इंडिया वोकल फार लोकल को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने जीएसटी पर बात रखते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक कर अपना कर छोटे व्यापारियों को राहत दी गई, ट्रांसपोर्ट और लाजिस्टिक्स को आसान बनाया गया। चेक पोस्ट बन्द हो गये, ट्रांसपोर्ट का समय और खर्च कम हुआ इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिला।

जीएसटी से उपभोक्ता के साथ-साथ व्यापारियों और सरकार को भी फायदा हुआ। आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है इसके लाभ को समझना है व हर गांव घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लेना है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, मण्डल संयोजक भरत भूषण राजपूत ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेने का अपील किया। भाजपा द्वारा आयोजित कार्यशाला में महामंत्री विमल यादव, चन्दन उपाध्याय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, राजकिशोर खण्डेलवाल, ढालसिंह कौशिक, राजेश जैन गुजराती, अमर खोब्रागढ़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार गांवों में शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अण्डी, चिद्दों, कलकसा एवं जटकन्हार के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 7 अक्टूबर तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ में आवेदन आमंत्रित की गई है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए इच्छुक जिले में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वसहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति आवश्यक दस्तावेज समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, पंजीयन क्रमांक, कार्यक्षेत्र, कार्यालय पता, बैंक खाता क्रमांक, बैंक पास बुक की छायाप्रति, बैंक का स्टेटमेंट, बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रति, समूह द्वारा किये गए विगत 3 वर्षो में किए गए कार्य का विवरण, समूह की वार्षिक आय, दुकान संचालन हेतु गोदाम का विवरण, समूह का शपथ पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## पहला कॉलम...

# सुप्रसिद्ध लोक गायक क्रांति कार्तिक यादव के पिता कार्तिक यादव का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन



राजनांदगांव (दावा)। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव के संरक्षक, सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं सुप्रसिद्ध लोक गायक क्रांति कार्तिक यादव के पिताजी कार्तिक यादव का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन से यादव समाज और कला जगत में शोक की लहर है। स्व. कार्तिक यादव एक सम्मानित व्यक्तित्व थे, जो सेवानिवृत्त व्याख्याता के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने के साथ-साथ कोसरिया यादव महासभा के संरक्षक के तौर पर सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार, समाज और उनके प्रशंसकों को गहरा सदमा लगा है। स्व. कार्तिक यादव की अंतिम यात्रा 29 सितंबर को बसंतपुर स्थित निवास से मठपारा मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक और कला प्रेमी शामिल हुए।

# चाकू लहराकर आमजन को भयाक्रांत करने वाला आदतन आरोपी गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। चाकू लहराकर आमजन को भयाक्रांत करने वाला आदतन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निरंतर कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 29 सितंबर 2025 को थाना खैरागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तुरकारीपारा के पास चाकू लेकर आमजन को भयभीत कर रहा है एवं डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है, की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची तथा घेराबंदी कर आरोपी को चाकू सहित रंगे हाथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भोजराज पटेल उर्फ भोला पिता दिनेश पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नं. 08, तुरकारीपारा बताया। आरोपी हथियार रखने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। आरोपी को न्यायालय खैरागढ़ के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# अवैध शराब परिवहन, दो आरोपियों के कब्जे से 102 लीटर देशी महुआ शराब कीमती जब्त



मोहला (दावा)। मोहला पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे बड़ी मात्रा में महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन में थाना-चिल्हाटी पुलिस द्वारा सुध्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत अपराधिक गतिविधियों पर सतत् निगरानी रखते हुए अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी नवेल सिंह गोटा पिता चमार सिंह उम्र 30 साल और राहुल गोटा पिता लक्ष्मण गोटा उम्र 21 साल दोनों निवासी मुलेटीपदीकसा थाना कोरची को एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी-08/यू 6259 में अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से मोटर सायकल पर रखे दो जूट बोरा के अंदर 4 पारदर्शी प्लास्टिक पालिथिन झिल्ली में 14-14 लीटर जुमला 56 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा एक हरा एक पीला खाद के प्लास्टिक बोरी में प्रत्येक में पारदर्शी प्लास्टिक पालिथिन झिल्ली के एक-एक पैकेट जिसमें 14-14 लीटर भरी हुई कुल 28 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा एक नीला रंग के पिट्ठू बैग के अंदर दो पैकेट पारदर्शी प्लास्टिक पालिथिन झिल्ली में कच्ची महुआ शराब प्रत्येक में 9-9 लीटर कुल 18 लीटर कुल 102 लीटर कीमती 20400 रूपये को सीलबंद किया गया।

# शारदीय नवरात्र पर विप्र महिला समाज का भव्य गरबा नृत्य उत्सव संपन्न

**भक्ति, उल्लास और सामुदायिक भावना का दिखा संगम**



डोंगरगढ़ (दावा)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ स्थित केदार बाड़ी विप्र भवन में विप्र महिला समाज द्वारा एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण गरबा नृत्य उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भक्ति, उल्लास और सामुदायिक भावना का प्रतीक रहा, जिसमें समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह उत्सव माँ दुर्गा के नौ दिनों के पावन पर्व के दौरान 25 सितंबर गुरुवार को आयोजित किया गया। उत्सव का मुख्य आकर्षण गरबा नृत्य रहा, जो गुजरात का एक प्रसिद्ध लोक नृत्य है। यह नृत्य माँ दुर्गा के समक्ष सम्मान और भक्ति को दर्शाता है और सभी में एकता और ऊर्जा का संचार करता है। विप्र समाज की महिलाओं द्वारा आयोजित इस नृत्य उत्सव में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं और बच्चों ने शामिल होकर बहुत ही उत्साह और भक्ति के साथ प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती आरती मिश्रा, भारती मिश्रा, शीला शुक्ला, रेनू तिवारी, पुष्प लता तिवारी, स्मिता बाजपेई, विद्या द्विवेदी, गिरजा पांडे, हेमा बाजपेई, सौम्या भारद्वाज, अलका तिवारी, माधुरी पांडा, सीमा मिश्रा, गायत्री बाजपेई, कीर्ति मिश्रा, सचि तिवारी, संगीता तिवारी, स्वप्निल तिवारी, और रिचा तिवारी, मनीषा शर्मा आदि का पूर्ण सहयोग रहा। यह आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# राजा आर्यव्रत सिंह पहुँचे दुर्गा पंडाल, विकास कार्यों को गति देने का किया वादा



खैरागढ़ (दावा)। राजा आर्यव्रत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में शारदेय नवरात्र पर्व पर विराजित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पंडाल का भ्रमण कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपनी बहन जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह के प्रतिनिधि एवं खैरागढ़ रियासत के राजा आर्यव्रत देवव्रत सिंह ने शनिवार 27 सितंबर को नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम नवागांव, अछोली और दपका में दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माँ आदिशक्ति की आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। आरती के बाद उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक आर्यव्रत सिंह का स्वागत किया। ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्होंने कहा कि वे विकास कार्यों को और अधिक गति देंगे तथा जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे।

ग्राम नवागांव के ग्रामीणों ने आर्यव्रत सिंह को गांव की सड़क की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह समस्या लंबे समय से है, जिसे जल्द ही सुलझाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

ग्राम अछोली में संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पूर्व में रखी गई गली कांक्रीटीकरण की मांग पर चर्चा की। इस पर आर्यव्रत सिंह ने कहा, माता रानी की कृपा और आप सभी के आशीर्वाद से यह कार्य बहुत जल्द स्वीकृत होगा। मैं आश्वस्त करता हूँ,कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूँगा।

ग्राम दपका के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से गांव तक पहुंचने वाले रास्ते की जर्जर हालत का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से यह मांग लंबित है और अब स्थिति बद से बदतर हो गई है। इस पर आर्यव्रत सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह बहुप्रतीक्षित मांग है, जिसे हमने बार-बार प्रशासन के सामने रखा है। यदि इस बार भी प्रशासन ने इसे स्वीकृति नहीं दी, तो हम आपके साथ मिलकर संघर्ष करेंगे, चाहे हमें उग्र आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। मैं आपके साथ पूरी ताकत से खड़ा हूँ। उनकी यह बात सुनकर ग्रामीणों में जोश और विश्वास दोनों देखने को मिला।

आर्यव्रत सिंह के आगमन से तीनों ग्रामों में नवरात्रि पर्व का उत्साह और भी बढ़ गया। ग्रामीणों ने कहा कि राजा साहब का यह सीधा संवाद उन्हें आत्मविश्वास से भर देता है। ग्रामवासियों ने भरोसा जताया कि आर्यव्रत सिंह की अगुवाई में विकास कार्य तेजी से होंगे और उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान मिलेगा।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पंच, ग्रामीणों के वरिष्ठजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। दुर्गा पंडालों में माता रानी के जयकारों के बीच वातावरण भक्तिमय हो गया और आर्यव्रत सिंह के संकल्पपूर्ण शब्दों ने लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया।

# प्रशांत कोड़ापे के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दिखाई सामाजिक सेवा की मिसाल



**विविध आयोजन के साथ रक्तदान कर कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन को बनाया यादगार**

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे का जन्मदिन उनके कार्यालय मां बम्लेश्वरी पेट्रोल पंप मुरमुंदा में अपार उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों लोगों ने उपस्थित होकर अपनी शुभकामनाएं दी। जिससे यह आयोजन न केवल एक जन्मदिन समारोह, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। दिनभर चले इस समारोह में कार्यकर्ताओं और आमजनों का उत्साह और स्नेह देखते ही बनता था। जिसने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह जिला पंचायत सभापति श्री कोड़ापे द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ हुई। यह पवित्र क्षण उनके लिए न केवल आध्यात्मिक बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला भी था। सुबह 9 बजे से ही उनके कार्यालय में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों का आगमन शुरू हो गया। बधाई देने वालों का तांता देर शाम तक अनवरत जारी रहा, जो श्री कोड़ापे के प्रति लोगों के अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक था। इस जन्मदिन समारोह की सबसे उल्लेखनीय विशेषता रही एक रक्तदान शिविर का आयोजन जो बिलासा ब्लड सेंटर के सहयोग से कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्तदान किया गया। जो क्षेत्र में अपनी तरह का पहला और ऐतिहासिक प्रयास साबित हुआ। बिलासा ब्लड सेंटर के स्टाफ ने इस आयोजन की सराहना करते हुए बताया कि इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान क्षेत्र में पहली बार हुआ। यह पहल श्री कोड़ापे के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आयोजन में सभी उपस्थित लोगों के लिए शाल्पाहार की शानदार व्यवस्था की गई थी। जिसने समारोह में आतिथ्य और समरसता का भाव जोड़ा। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। इनमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, डोंगरगढ़ जनपद पंचायत की अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, जिला भाजपा और मंडल भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न ग्रामों के सरपंचगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। इन सभी की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक सामाजिक और राजनीतिक एकजुटता का प्रतीक बनाया।

सभापति प्रशांत कोड़ापे ने इस अवसर पर उपस्थित सभी शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा मुझे गर्व है कि मुझे आप सभी का इतना स्नेह और समर्थन प्राप्त है। रक्तदान शिविर जैसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और सशक्त रूप से निभा सकते हैं। मैं आप सभी के सहयोग से क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा।

उनके यह शब्द न केवल उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाते हैं, बल्कि क्षेत्र के प्रति उनकी गहरी निष्ठा को भी उजागर करते हैं। यह जन्मदिन समारोह न केवल श्री कोड़ापे के व्यक्तिगत जीवन का उत्सव था, बल्कि यह सामाजिक सेवा, एकजुटता और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी अटल प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बना। यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के बीच उनके प्रति विश्वास और स्नेह को और गहरा करने में सफल रहा।

# गैर-शिक्षकीय कार्यों के विरोध में संकुल समन्वयकों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा



**डोंगरगढ़ सहित राजनांदगांव जिले के चार ब्लॉकों में विरोध**

डोंगरगढ़ (दावा)। गैर-शिक्षकीय कार्य सौंपे जाने के विरोध में डोंगरगढ़ संकुल समन्वयक संघ ने आज विकासखंड शिक्षा कार्यालय को सामूहिक इस्तीफा पत्र सौंप दिया। डोंगरगढ़ ब्लॉक में कुल 39 संकुल केंद्र हैं और यहाँ के सभी समन्वयकों ने एक साथ विरोध दर्ज कराया है। यह विरोध केवल डोंगरगढ़ तक सीमित नहीं है। डोंगरगांव, छुरिया और राजनांदगांव सहित जिले के तीन अन्य ब्लॉकों के संकुल समन्वयक भी तीन दिन पूर्व ही अपने-अपने विकासखंड कार्यालयों में सामूहिक इस्तीफा पत्र सौंप चुके हैं।

संकुल समन्वयकों का कहना है कि उन्हें शिक्षा विभाग के अकादमिक कार्य (जैसे संकुल अवलोकन और विभागीय कार्य) के अलावा अन्य विभागों के भी कार्य सौंप दिए जाते हैं। इन अतिरिक्त जिम्मेदारियों के कारण उन्हें स्वयं अध्यापन कार्य करने और अपने मूल शैक्षणिक दायित्वों को पूरा करने में गंभीर समस्या आ रही है। इन समस्याओं से आहत होकर सभी समन्वयकों ने एकजुटता दिखाते हुए गैर-शिक्षकीय कार्यों का सख्त विरोध किया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि वे जिला समन्वयक संघ के अगले निर्देशों के अनुसार अपनी आगामी रणनीति तय करेंगे। संकुल समन्वयकों का यह कदम दर्शाता है कि शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उन्हें केवल अकादमिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# पहला कॉलम...

## शिरीष चंद्र मुर्मू आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

नई दिल्ली। सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को तीन साल के कार्यकाल के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। मुर्मू, एम राजेश्वर राव का स्थान लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल 8 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 9 अक्टूबर या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन साल की अवधि के लिए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।खबर के मुताबिक, मुर्मू वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक में कार्यकारी निदेशक हैं और पर्यवेक्षण विभाग का कार्यभार संभालते हैं। ऋक्कद्ध अधिनियम, 1934 के अनुसार, केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होने चाहिए - दो अपने ही रैंक से, एक वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र से, और एक अर्थशास्त्री जो मौद्रिक नीति विभाग का नेतृत्व करे। अन्य तीन डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर, स्वामीनाथन जे और पूनम गुप्ता हैं। गौरतलब है कि राव को पहली बार सितंबर 2020 में तीन साल की अवधि के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था और उन्हें 2023 में एक साल का विस्तार मिला था, उसके बाद 2024 में एक और विस्तार मिला था। इस प्रकार, राव 8 अक्टूबर को कुल पांच साल पूरे कर लेंगे।

## नेपाल में हुआ भीषण सड़क हादसा, 2 की मौत,20 घायल

नई दिल्ली। नेपाल के लुम्बिनी प्रांत में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां सोमवार को एक मिनी बस हादसे का शिकार हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब बस अनियंत्रित होकर ढलान से नीचे जा गिरी। सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है और 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

काठमांडू पोस्ट अखबार ने पुलिस के हवाले से बताया कि हादसा लुम्बिनी प्रांत के अर्घाखांची जिले में एक मोड़ पर वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। अखबार के अनुसार, दुर्घटना के समय मिनी बस बुटवल से पुरकोटदाहा जा रही थी। सड़क हादसे में एक 10 वर्षीय और एक 13 वर्षीय बच्चे की भी मौत हो गई है, जबकि 20 अन्य घायल हुए हैं। माई रिपब्लिका समाचार पोर्टल ने हादसे के दौरान 24 लोगों के घायल होने की जानकारी दी और जिला पुलिस कार्यालय के प्रमुख दिवस जीसी के हवाले से बताया है कि घायलों में से 4 की हालत गंभीर है। जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी इंस्पेक्टर झलक प्रसाद शर्मा के अनुसार, मिनी बस में 26 यात्री सवार थे, जबकि इसकी सीटों की संख्या केवल 16 थी। शर्मा के मुताबिक, बताया जाता है कि दुर्घटना ब्रेक फेल होने तथा क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने के कारण हुई।

## पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत से भड़का बीसीसीआई

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 के समापन के बाद भी भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने के बाद चैंपियन टीम इंडिया ने मोहसिन नकवी से एशिया कप की ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद काफी देर तक मैदान पर जमकर ड्रामा हुआ। नकवी ट्रॉफी और मेडल देने के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ियों को इंतजार करते रहे लेकिन कोई नहीं आया। अंत में नकवी मेडल और ट्रॉफी लेकर होटल चले गए। अब इस घटना को लेकर क्चष्टष्टढ्ढ की ओर से बड़ा बयान सामने आया है। एशिया कप 2025 फाइनल के बाद ट्रॉफी विवाद पर अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सख्त रुख अपनाने जा रहा है। क्चष्टष्टढ्ढ सचिव देवजीत सैकिया ने साफ कहा कि नवंबर में होने वाली ढ्ढष्टष्ट मीटिंग में एशियन क्रिकेट काउंसिल प्रमुख और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चेयरमैन मोहसिन नकवी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## सूर्यकुमार ने पहलगाम पीड़ितों को दान की मैच फीस

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दुबई में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद दिल छू लेने वाला ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह टूर्नामेंट से मिली अपनी पूरी मैच फीस भारतीय सेना और पहलगाम पीड़ितों के परिवारों को दान करेंगे। सूर्या ने सोशल मीडिया पर लिखा - इस टूर्नामेंट की अपनी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकी हमले में पीड़ित परिवारों की मदद के लिए दान करने का फैसला किया है। आप हमेशा मेरी यादों में रहेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हर भारतीय खिलाड़ी को एक ञ्च20 मैच के लिए 4 लाख रुपये फीस मिलती है। सूर्या ने सातों मैच खेले, यानी वह कुल 28 लाख रुपये दान करेंगे।

फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से मात दी। यह टूर्नामेंट में पड़ोसी देश के खिलाफ भारत की लगातार तीसरी जीत रही। तिलक वर्मा ने शानदार अर्धशतक जड़ा, जबकि संजू सैमसन और शिवम दुबे ने अहम योगदान दिया। इसी के दम पर भारत ने दूसरा ञ्च20 एशिया कप और कुल मिलाकर 9वां एशिया कप खिताब जीता।

# पाकिस्तान को हराकर भारत ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, टी20आई क्रिकेट में रचा ऐतिहासिक कीर्तिमान




नई दिल्ली। भारतीय टीम ने टी20 एशिया कप 2025 का खिताब पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर जीत लिया। भारतीय टीम के लिए तिलक वर्मा, कुलदीप यादव और शिवम दुबे ने दमदार प्रदर्शन किया। इन प्लेयर्स की वजह से भारतीय टीम ट्रॉफी जीत पाई। पाकिस्तान ने भारत को जीतने के लिए 147 रनों का टारगेट दिया था, जिसे टीम इंडिया ने आखिरी ओवर में चेज कर लिया।

पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करते ही भारत ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। भारतीय टीम ञ्च20द्ध क्रिकेट में किसी विरोधी टीम के खिलाफ टारगेट चेज करते हुए, 100त्न जीत के रिकॉर्ड के साथ सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन गई है। ञ्च20द्ध क्रिकेट में टारगेट का पीछा करते हुए भारत की पाकिस्तान के खिलाफ यह 9वीं जीत है। भारत ने टारगेट चेज करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ एक भी ञ्च20द्ध मैच नहीं हारा है। मलेशियाई टीम ने थाईलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में टारगेट चेज करते हुए कुल 8 मैच जीते हैं। मलेशिया का ञ्च20द्ध क्रिकेट में थाईलैंड के खिलाफ टारगेट चेज करते हुए, 100त्न जीत का रिकॉर्ड है।

भारतीय क्रिकेट टीम पहली ऐसी टीम भी बन गई है, जिसने एशिया कप (टी20 और वनडे दोनों मिलाकर) में 50 मुकाबले जीत लिए हों। भारतीय टीम से पहले ऐसा कोई भी टीम ने नहीं कर पाई थी। भारत ने वनडे एशिया कप में 35 मैच और टी20 एशिया कप में कुल 15 मुकाबले जीते हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत के लिए कुलदीप यादव ने दमदार खेल दिखाया। उन्होंने चार ओवर के कोटे में 30 रन देकर चार विकेट चटकाए और पाकिस्तानी बैटिंग ऑर्डर की कमर ही तोड़कर रख दी। उनके अलावा अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की। बाद में टारगेट चेज करते हुए भारतीय टीम के लिए तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी और 69 रन बनाए। अच्छे खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला।

## सोने-चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, कीमतें आसमान पर!



नई दिल्ली । हफ़्ते के पहले कारोबारी दिन, सोमवार, 29 सितंबर 2025 को सोने और चांदी की कीमतों ने नया इतिहास रच दिया है। कमजोर वैश्विक संकेतों और डॉलर में गिरावट के बीच दोनों कीमती धातुओं ने वायदा बाजार पर अपने अब तक के उच्चतम स्तर को छू लिया, जिससे निवेशकों में हलचल मच गई है। एमसीएक्स की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, आज सुबह सोने और चांदी दोनों के दिसंबर वायदा अनुबंधों ने जबरदस्त छलांग लगाई। एमसीएक्स गोल्ड दिसंबर फ्यूचर्स ने 1,15,590 प्रति 10 ग्राम का अपना नया सर्वकालिक उच्च स्तर दर्ज किया। सुबह करीब 9.45 बजे यह 0.47प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,15,436 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, एमसीएक्स सिल्वर दिसंबर फ्यूचर्स ने भी 1,43,968 प्रति किलोग्राम की नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ। इस दौरान यह 1.09प्रतिशत की शानदार बढ़त के साथ 1,43,433 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही थी।

### क्यों आई कीमतों में यह ऐतिहासिक उछाल?

इस रिकॉर्ड तोड़ तेजी के पीछे मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों के घटनाक्रम जिम्मेदार हैं। डॉलर इंडेक्स में 0.20प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे अन्य मुद्रा वाले निवेशकों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो गया है।

## टैरिफ पर चीन का बड़ा ऐलान, भारतीय फार्मा कंपनियों पर नहीं लगेगा कोई शुल्क

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है। जहां एक ओर ट्रंप ने भारतीय फॉर्मा कंपनियों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया था, वहीं दूसरी ओर चीन ने भारतीय फॉर्मा4 कंपनियों पर टैरिफ हटा लिया है। अभी तक चीन भारतीय फॉर्मा कंपनियों ने 30 प्रतिशत टैरिफ लेता था। अब चीन में बिना किसी शुल्क के भारतीय दवाएं निर्यात हो सकेंगी।



चीन का यह फैसला ट्रंप के खिलाफ एक बड़ा कदम माना जा रहा है। एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत, चीन और रूस के साथ आने के बाद से ट्रंप को घेरने की योजना बन रही थी। अब दिशा में कदम उठाए जाने लगे हैं। चीन ने भारतीय दवाईंयों पर टैरिफ शून्य किया, भारत ट्रंप टैरिफ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं कर रहा हैं, वहीं रूस ट्रंप की लाख धमकियों के बाद भी यूक्रेन के खिलाफ अपना रुख बनाए हुए है। तीन महाशक्तियों के एक साथ आने से ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।

हाल ही में चीन के राजदूत ने भारत का दौरा किया था। इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच एक बार फिर से ट्रेड डील की शुरुआत दिखाई दे रही है। चीन के राजदूत ने चीन में निवेश के लिए भारतीय कंपनियों का आव्हान किया था। उन्होंने भारत पर लगे 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ का विरोध किया था। चीन लगातार भारतीय कंपनियों के लिए नरम रुख दिखा रहा है।

## वियतनाम में चक्रवात 'बुआलोई' ने मचाई तबाही, कम से कम 12 लोगों की हुई मौत



हनोई। चक्रवात 'बुआलोई' से हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण मध्य वियतनाम में सड़कें जलमग्न हो गईं, छतें उड़ गईं और कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया की खबरों में तूफान को लेकर जानकारी दी गई है।

चक्रवात कमजोर होकर तूफान के रूप में सोमवार को लाओस की ओर बढ़ गया है। चक्रवात से भारी तबाही हुई, जिसने मकानों, स्कूलों और बिजली के खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया, कई अस्थायी पुल बह गए और कई प्रान्तों में सड़कें एवं निचले जलमार्ग डूब गए। शहरों में बाढ़ के कारण वाहन पानी में डूब गए और ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के समुदाय का शेष स्थानों से संपर्क कट गया।

खबर के अनुसार थान्ह होआ प्रांत में एक स्थानीय अधिकारी जब चक्रवात से बचाव की तैयारी के कामों को पूरा करने के बाद रात में लौट रहा था तो उसके ऊपर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। ह्यू शहर में एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में बह गया। एक अन्य मौत दानांग में हुई। वियतनाम के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे चक्रवात का केंद्र न्घे आन प्रान्त एवं लाओस की सीमा के बीच था, जहां हवा की गति 74 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

वियतनामी अधिकारियों ने मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में उतरने से रोक दिया गया है और 4 तटीय हवाई अड्डों पर परिचालन निलंबित कर दिया। 9 मौतों में से 6 नन्ह बिन्ह प्रांत में हुई हैं, जहां तेज हवाओं के कारण मकान ढह गए। क्वांग त्रि प्रांत में तट पर खड़ी मछली पकड़ने वाली नाव के लंगर की रस्सियां तेज हवाओं के कारण टूट गईं, जिससे नौका और उस पर सवार 9 चालक दल के सदस्य बह गए। इनमें से 4 तैरकर किनारे तक पहुंचने में सफल रहे। गिया लाइ प्रांत में परिवारों ने मछली पकड़ने गए 8 मछुआरों से संपर्क टूटने की सूचना दी है।

सरकारी मीडिया ने बताया कि रविवार आधी रात के बाद चक्रवात के तट से टकराने से पहले 3,47,000 से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई थी। तेज हवाओं से राजमार्गों के किनारे घरों की लोहे की चादर वाली छतें उड़ गई और कंक्रीट के खंभे गिर गए। चक्रवात के उम्मीद से तेज गति से आगे बढ़ने के कारण हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था। चक्रवात ने देर रात लगभग 12:30 बजे उत्तरी तटीय प्रान्त हा तिन्ह के तट पर दस्तक दी थी। इसके कारण 133 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं तथा समुद्र में एक मीटर से अधिक ऊंची तूफानी लहरें उठीं और भारी बारिश हुई। (एपी)

## टीम इंडिया ने बिना ट्रॉफी के सेलिब्रेट की एशिया कप की जीत, नकवी और पाकिस्तान की हुई घनघोर बेइज्जती

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जब भी भिड़ंत होती है, चर्चा का दौर थमता नहीं। और यदि यह मुकाबला एशिया कप का फाइनल हो, तो सुर्खियों का बनना लाजिमी है। दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 के खिताबी मैच में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। जहां मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया, वहीं मैच के बाद ट्रॉफी समारोह ने पूरे क्रिकेट जगत को चौंका दिया।



दरअसल, भारतीय खिलाड़ियों ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (ष्ठष्ट) प्रमुख और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (क्कष्टक्च) के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से साफ इनकार कर दिया। इस वजह से पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन करीब दो घंटे तक अटका रहा। नकवी लगातार भारतीय टीम का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई खिलाड़ी मंच पर नहीं आया। नकवी इंतजार करते रहे और फिर कोई ट्रॉफी ड्रेसिंग रूम के भीतर ले गया। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तानी टीम मैच खत्म होने के एक घंटे बाद तक ड्रेसिंग रूम से बाहर नहीं आई। क्कष्टक्च चीफ नकवी अकेले खड़े होकर शर्मिंदगी झेलते रहे। इसके बाद जब पाकिस्तानी टीम बाहर आई तो भारतीय फैंस ने इंडिया-इंडिया के नारे लगाए। मैच के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपना जश्न किसी तरह कम नहीं होने दिया।

## 2 मिनट में पूरा होगा 2 घंटे का सफर, चीन में बना दुनिया का सबसे ऊंचा पुल



नई दिल्ली। चीन ने एक बार फिर दुनिया को अपनी इंजीनियरिंग का कमाल दिखाया है। ऊंची-ऊंची गगनचुंबी इमारतों से लेकर लंबी हाई-स्पीड रेलवे लाइनों तक, चीन ने हर बार दुनिया को चौंकाया है। हाल ही में चीन ने आम लोगों के लिए दुनिया का सबसे ऊंचा पुल - हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज खोल दिया है। यह पुल ना सिर्फ एक इंजीनियरिंग चमत्कार है बल्कि पर्यटन और यातायात के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज को देखकर कोई भी हैरत में पड़ सकता है। यह पुल गहरी घाटी के ऊपर बना है और इसकी ऊंचाई इसे दुनिया के सबसे खतरनाक और रोमांचक पुलों की सूची में शीर्ष पर खड़ा करती है। यह पुल जमीन से 625 मीटर से भी ज्यादा ऊंचा है। पुल को खासतौर पर स्टील केबल्स और आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक से तैयार किया गया है ताकि यह भूकंप और तेज हवाओं को भी झेल सके।

चीन में बना हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज पर्यटन के लिहाज से बेहद अहम साबित होगा। यह पुल सिर्फ यातायात का साधन ही नहीं है बल्कि अब चीन में एक नया पर्यटन आकर्षण भी बनेगा। यह पुल इतनी ऊंचाई पर बना है कि नीचे देखने पर ऐसा लगता है जैसे धरती बहुत दूर है और आप बादलों के बीच से गुजर रहे हों। यहां आने वाले लोगों को अलग ही रोमांच का अनुभव होगा। हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज ने चीन के कई पहाड़ी इलाकों के बीच संपर्क को आसान बना दिया है। पहले जहां लोगों को घंटों घूमकर घाटियों और पहाड़ों से गुजरना पड़ता था, वहीं अब इस पुल की वजह से सफर कई घंटे छोटा हो गया है। इससे ना सिर्फ आम नागरिकों को सुविधा हुई है बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

हुआजियांग ग्रांड कैन्यन ब्रिज के निर्माण में हजारों इंजीनियरों और मजदूरों ने मिलकर काम किया। निर्माण के दौरान सबसे बड़ी चुनौती थी गहरी घाटी और वहां का कठिन भौगोलिक क्षेत्र। स्टील केबल्स को टांगने और पुल को संतुलित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। पुल इतना मजबूत है कि यह भूकंप, तूफान और भारी ट्रैफिक का दबाव सहन कर सकता है। इस पुल के नाम अब दो रिकॉर्ड हैं। पहला ये है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज है और दूसरा पहाड़ी क्षेत्र में बना यह सबसे बड़ा पुल भी है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी......**

से मांग की है कि वे राजनीतिक विमर्श में आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकी और हिंसा के इस्तेमाल पर सत्तारूढ़ दल की स्थिति स्पष्ट करें। पत्र में शाह से राज्य पुलिस के माध्यम से तत्काल और अनुकरणीय कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर इसे मिलीभगत माना जाएगा। राष्ट्र तुरंत, अनुकरणीय कानूनी कार्रवाई की मांग करता है ताकि न्याय शीघ्र, स्पष्ट और कठोर हो। निष्क्रियता को विपक्षी नेता के खिलाफ हिंसा को वैध और सामान्य बनाने के रूप में देखा जाएगा। पत्र में राहुल गांधी के परिवार के इतिहास का हवाला दिया गया, जिसमें 1984 में इंदिरा गांधी और 1991 में राजीव गांधी की हत्याओं का जिक्र है। कांग्रेस का कहना है कि यह धमकी केवल व्यक्तिगत हमला नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक भावना पर हमला है, जिसका प्रतिनिधित्व राहुल गांधी करते हैं।

**दिल्ली में बीजेपी को मिला नया दफ्तर.....**

में भाजपा की सरकार है। दिल्ली के लोगों ने अपने बेहतर भविष्य के सपने और उम्मीदें भाजपा में लगाई हैं। इसलिए नए प्रदेश कार्यालय में बैठे हर व्यक्ति की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी है। इसलिए जब दिल्ली भाजपा सरकार और दिल्ली भाजपा कार्यालय कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे, तो हम विकसित भारत, विकसित दिल्ली के सपने को और तेजी से पूरा कर पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकारों के हर अच्छे काम का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचना जरूरी है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव सजग रहना होगा। मैं दिल्ली और देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे, जहां हम विपक्ष में हैं, वहां हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि वहां की सरकार जीएसटी में कमी का लाभ जनता को दे। जैसे ही हमने जीएसटी कम किया, हिमाचल की सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ा दिए, यानी उसी दिन से हिमाचल में सरकार ने जनता के हक की चीज लूटनी शुरू कर दी। हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और स्वदेशी अपनाना है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, आज हम सभी के लिए खुशी का अवसर है कि लंबे इंतजार के बाद, दिल्ली प्रदेश भाजपा को अपना कार्यालय मिल गया है और प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया गया है। मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि जब भी हमने पार्टी के लिए किसी भी काम के लिए मार्गदर्शन मांगा, उन्होंने हमेशा हमारा साथ दिया, मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

**हरियाणा कांग्रेस में बड़ा बदलाव.....**

कृष्णा मुरारी हुड्डा और कुछ अन्य नेताओं के नाम भी चर्चा में थे। राहुल गांधी पहले ही बोल चुके हैं कि विधानसभा में विपक्ष की कमान किसी ऐसे नेता को दी जाएगी जो न केवल मजबूत संगठनात्मक पकड़ रखता हो बल्कि सरकार पर तीखे प्रहार भी कर सके। इसमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा सबसे आगे थे। दूसरी ओर, प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी किसी ऐसे चेहरे को देने की कोशिश है जो संगठन में संतुलन बनाते हुए सभी गुटों को साथ लेकर चल सके। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने साफ कहा कि हरियाणा कांग्रेस कमेटी की ओर से दोनों पदों पर नियुक्तियों को लेकर प्रस्ताव दिल्ली हाईकमान तक पहुंचा दिया गया है। अब अंतिम फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा, जो कि कभी भी नाम जारी कर सकता है।

**नक्सल दंपत्ति एनआईए कोर्ट में पेश....**

इनामी नक्सली थी। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ डीडी नगर थाने में धारा 147, 148, 61 तथा बीएनएस की धारा 17, 18, 19, 20, 38, 39, 40 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसआई ने मूलतः बीजापुर, गंगालूर निवासी जग्गू कुरसम उर्फ रवि उर्फ रमेश (28) तथा उसकी पत्नी कमला कुरसम को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक करीब दो माह पूर्व नक्सली दंपति चंगोराभाठा में हेमंत देवांगन के चाल में मकान किराया पर लेकर रह रहे थे। गिरफ्तार नक्सलियों को संगठन को मजबूत करने जिम्मेदारी दी गई थी। बस्तर में चलाए जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान को देखते हुए नक्सली सुरक्षित ठिकानों की तलाश में जंगल छोड़ मैदानी इलाके को अपना ठिकाना बना रहे हैं सूत्रों के मुताबिक, एसआईए ने जिस नक्सली दंपति को गिरफ्तार किया है, उनकी निगरानी की जा रही थी। इस दौरान नक्सली दंपति सुरक्षाबलों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। इस दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सली दंपति के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान उनके मैदानी क्षेत्र में होने की सूचना मिली। इसके बाद उनके मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी जुटाई गई। मोबाइल का लोकेशन रायपुर होना पाया गया। लोकेशन रायपुर होने की जानकारी मिलने पर एसआईए ने नंबर ट्रेस कर दंपति को ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की पूछताछ में नक्सली दंपति ने पुलिस को बताया है कि, उन्हें रायपुर में शहरी नेटवर्क खड़ा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा नक्सलियों के लिए रसद, दवाई की व्यवस्था कर भेजने की जिम्मेदारी दंपति पर थी। साथ ही बड़े कैडर के नक्सलियों के लिए राजधानी में उपचार कराए जाने की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नक्सली दंपति की थी। गिरफ्तार नक्सली जिस मकान में किराए पर रहते थे।

**बरेली में तौकीर रजा के खिलाफ सख्त.....**

कर दिया। दुकानों का सामान अन्यत्र स्थान पर पहुंचा दिया गया। दुकानों को खाली करने के बाद प्रशासन की टीम ने मार्केट को सील कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों ने कहा कि उनके पास हाईकोर्ट का स्टे आदेश है, लेकिन पुलिस उसे मान नहीं रही है। बावजूद इसके उन्होंने प्रशासन के निर्देश पर मार्केट को खाली कर दिया है। बरेली पुलिस ने अब तक मौलाना तौकीर रजा समेत कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। इसके अलावा 26 संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। तौकीर रजा की गिरफ्तारी के बाद लोगों को भड़काने के आरोप में पुलिस ने छह अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रेमनगर, अजहरी चौक, बानखाना और नरकुलागंज क्षेत्र के निवासी शामिल हैं, जिन्होंने भीड़ को उकसाने और पुलिस पर हमला करने में भूमिका निभाई।

**ट्रंप ने फोड़ा एक और टैरिफ बम.....**

अमेरिका के फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों से हुए नुकसान को देखते हुए विदेशी देशों पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा। उनका उद्देश्य अमेरिकी फर्नीचर उद्योग को पुनर्जीवित करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि जो भी देश अपने फर्नीचर अमेरिका में नहीं बनाएगा, उस पर टैरिफ लगाया जाएगा। इस नीति के विस्तृत विवरण बाद में साझा किए जाएंगे। विश्लेषकों का कहना है कि 100 प्रतिशत टैरिफ से अमेरिकी सिनेमाघरों में विदेशी फिल्मों की लागत दोगुनी हो सकती है। इससे दर्शकों को उच्च कीमत चुकानी पड़ सकती है और वैश्विक वितरण नेटवर्क प्रभावित होगा। हॉलीवुड निर्माता अमेरिकी बाजार में विदेशी फिल्मों की बिक्री और साझेदारी पर पुनर्विचार करने को मजबूर हो सकते हैं। विदेशी फिल्म निर्माता और वितरक इस फैसले से चिंतित हैं।

**कनाडा ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को......**

आव्रजन और सीमा अधिकारियों की तरफ से कनाडा में प्रवेश की अनुमति देने या रोकने के लिए भी किया जा सकता है। कनाडाई सरकार के अनुसार, कनाडा में बिश्नोई गैंग महत्वपूर्ण प्रवासी समुदायों वाले क्षेत्रों में सक्रिय हैं। बिश्नोई गिरोह हत्या, गोलीबारी और आगजनी में लिप्त है, और जबरन वसूली और धमकी के माध्यम से आतंक फैलाता है। वे इन समुदायों को, उनके प्रमुख समुदाय के सदस्यों, व्यवसायों और सांस्कृतिक हस्तियों को निशाना बनाकर उनमें असुरक्षा का माहौल पैदा करते हैं। बिश्नोई गिरोह को सूचीबद्ध करने से कनाडाई सुरक्षा, खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उनके अपराधों से निपटने और समुदायों को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

**जीएसटी 2.0 रिफॉर्म्स धन्यवाद मोदी जी.....**

से किसानों को भी बड़ी राहत मिली है। मैं ट्रैक्टर शोरूम भी गया, जहां मुझे बताया गया कि ट्रैक्टर के दामों में 65 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक की कमी आई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में प्रदेश के व्यापारियों का बड़ा योगदान होगा। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति को निवेशकों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है। हाल ही में मैंने जापान और कोरिया की यात्रा की, जहां इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किए गए। एशिया महाद्वीप के कई निवेशकों ने छत्तीसगढ़ में निवेश में रुचि दिखाई है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश से बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए जीएसटी सुधार न भूतो न भविष्यति हैं। यह कदम आम आदमी को ताकतवर बना रहा है। जहां एक ओर दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की कीमत कम होने से लोगों को लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनता की ओर से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली पद्मश्री प्राप्त विभूतियों और राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**अक्तूबर के आखिरी हफ्ते में बिहार.....**

महामारी का भी असर था। इस बार बिहार की अंतिम मतदाता सूची विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के बाद प्रकाशित की जा रही है। यह संशोधन 22 साल के अंतराल के बाद किया गया। इस साल 1 अगस्त को प्रारूपिक मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी। इसके बाद 1 सितंबर तक नागरिकों और राजनीतिक दलों को इसमें सुधार के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया गया। प्रारूपिक सूची में कुल 7.24 करोड़ मतदाता थे। हालांकि, विपक्षी पार्टियों ने इस एसआईआर की तीखी आलोचना की और दावा किया है कि इससे करोड़ों नागरिकों के मतदान का अधिकार प्रभावित हो सकता है। इसके जवाब में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि वह किसी भी योग्य नागरिक को मतदाता सूची से बाहर नहीं होने देगा और साथ ही किसी भी असत्य व्यक्ति को सूची में शामिल नहीं होने देगा।

**राहुल गांधी कोलंबिया के बोगोटा पहुंचे....**

के हथियार नहीं हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, पहले गालियों का इस्तेमाल करके राहुल गांधी को चुप कराने की कोशिश की गई। अब गोलियों की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक लोग कांग्रेस की तरफ से उठाए जा रहे मुद्दों से आकर्षित होकर राहुल गांधी से जुड़ रहे हैं और यह विरोधियों को पच नहीं रहा है। राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी मामले में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पिंटू महादेव को लेकर कहा, गोली मारने की बात कहना, ऐसी सोच रखना, ये गोडसे की सोच वाले लोग हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले में कार्रवाई की मांग की। इससे पहले, कांग्रेस पार्टी ने कहा कि आरएसएस-भाजपा विचारधारा के खिलाफ राहुल गांधी की निडर लड़ाई ने उन्हें झकझोर दिया है।

# जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा



धार्मिक स्थलों में किए दर्शन, किसानों से संवाद, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने एक दिवसीय सघन दौरे के अंतर्गत खैरागढ़ एवं छुईखदान ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थलों में दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। साथ ही किसानों के साथ संवाद कर शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी। दौरे में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, उपाध्यक्ष टीके चंदेल, उपाध्यक्ष नवनीत जैन, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, छुईखदान मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, भोज बंजारे, बलराम वर्मा, जीवन देवांगन, जिला पंचायत सदस्य व सभापति भुनेश्वरी देवांगन, संदीप वैष्णव, अशोक साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कोड़का स्थित महामाया मंदिर में किया दर्शन दौरे की शुरुआत छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोड़का से हुई। जहां स्थित प्राचीन महामाया मंदिर में विक्रांत सिंह ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ महामाया के पावन चरणों में क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति के लिए प्रार्थना की। स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धार्मिक वातावरण उत्साहजनक रहा। भण्डारपुर में किसानों से संवाद एवं समीक्षा बैठक इसके पश्चात खैरागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भण्डारपुर स्थित सेवा सहकारी समिति केंद्र में पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक के दौरान किसानों ने अपने सुझाव भी साझा किए। जिन पर अधिकारियों द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

### करेला में माँ भवानी के दर्शन

ग्राम करेला में स्थित माँ भवानी मंदिर में पहुंचकर विक्रांत सिंह ने दर्शन किए और क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति के लिए कामना की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

### बनबोड़ में बनछोर बाबा के दर्शन

खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम बनबोड़ में बनछोर बाबा मंदिर में दर्शन कर विक्रांत सिंह ने क्षेत्र के लोगों के लिए सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और आस्था हमारे सामाजिक जीवन की नींव हैं और इन स्थलों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

### बोइरडीह में ज्योत-जंवारा दर्शन

ग्राम बोइरडीह में बालमुकुंद वर्मा के यहां आयोजित ज्योत जंवारा कार्यक्रम में शामिल होकर विक्रांत सिंह ने माता रानी के दर्शन किए और क्षेत्र के विकास और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। चिखलदाह में ज्योति कलश एवं माता रानी के दर्शन ग्राम चिखलदाह में जिला पंचायत सदस्य अरुणा राजू सिंह बनाफर के निवास पर आयोजित ज्योतिकलश एवं माता रानी के दर्शन कार्यक्रम में भी विक्रांत सिंह ने शिरकत की। उन्होंने माता रानी से क्षेत्र की उन्नति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

### ग्रामीणों की रही भारी उपस्थिति

संपूर्ण दौरा कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिला समूहों, किसान प्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई। लोगों ने विक्रांत सिंह के साथ विभिन्न जनसमस्याओं को साझा किया। जिन पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेने और समाधान का आश्वासन दिया। इस सघन दौरे से ना केवल धार्मिक आस्था का संचार हुआ। बल्कि शासन की योजनाओं की जानकारी सीधे गांव तक पहुंची। जिससे आमजन को लाभ होगा।

# संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में झूमे अभिभावक और छात्र ; गरबा उत्सव ने मोहा सबक मन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि के पावन और शुभ अवसर पर भक्ति, उल्लास और संस्कृति के अद्भुत समागम गरबा महोत्सव का साक्षी बना। इस भव्य आयोजन की शुरुआत माँ अम्बेजी की भव्य आरती के साथहुई, जिससे पूरे वातावरण में एक आध्यात्मिक और पवित्र ऊर्जा का संचार होगया। आरती के पश्चात, विद्यालय के अभिभावकों और छात्रों ने पारंपरिक गरबा की लय बद्ध धुन पर कदम ताल करते हुए पूरे परिसर को एक जीवंत रंगमंच में बदल दिया। इस विशेष अवसर पर, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी जी ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा नवरात्रि पर्व हमें शक्ति, एकता और उल्लास का संदेश देता है। माँ अम्बे की आरती के साथ इस उत्सव की शुरुआत करना हमारी संस्कृति के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाता है। यह गरबा महोत्सव केवल नृत्य का आयोजन नहीं है, बल्कि हमारे विद्यालय परिवार-छात्रों, शिक्षकों और अभिभाव कों के बीच के गहरे बंधन और तालमेल को दर्शाने वाला एक मंच है। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और प्रदर्शन के लिए बधाई देती हूँ और कामना करती हूँ कि यह एकता सदैव बनी रहे।

उत्सव में संस्था के गणमान्य प्रबंधकगण उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरा, प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोक पारख, और विकास जोशी शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। इस उत्साहपूर्ण शाम में, प्रतिभागियों की कला और समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न श्रेणियो में पुरस्कार भी प्रदान किए गएः- सर्वश्रेष्ठ नर्तकः- श्रीमतीवंदनाराभा, श्रीखिलेन्द्रचौहान सर्वश्रेष्ठ युगलः- विक्रम सिंह एवं श्रीमती श्रद्धा सिंह सर्वश्रेष्ठ वेशभूषाः- श्रीमती इंदिरा दशहरिया विशेष पुरस्कारः-सुश्री माही ठाकुर विद्यालय प्रबंधन का लक्ष्य इस आयोजन के माध्यम से सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारना और एकता तथा सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों और विजेताओं के समर्पण और प्रतिभा की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसने इस शाम को राजनांदगांव के संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के लिए एक यादगार और सफल आयोजन बना दिया।

# कराते खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में पदक हासील किया



राजनांदगांव (दावा)। शिको काई शितोरियू कराते डू इन्टरनेशनल एवं राजनांदगांव मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा दिनांक 21 सितंबर 2025 को कस्तुरबा मंडल हाल में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कमल कराते अकादमी कराते स्कूल ममता नगर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर स्कूल पदक प्राप्त किया। कु.अपूर्वा नाथ काता में स्वर्ण पदक व कुमीते में रजत पदक प्राप्त किया वही आदित्य देवांगन काता मे कास्य पदक, लब्यांश लहरी काता कास्य कुमिते में कास्य पदक, कु. शुभता श्रीवास्तव काता में कास्य तथा कु. रस्मी गंगबेर कुमीते में कास्य पदक प्राप्त किया। वही काजल यादव रेफरी व सहायक कोच थलेश्वरी मेश्राम रही सभी विजेताओं को उनके व कराते परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुएं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एनआरसीए शतरंज संस्था के सभी पदाधिकारी सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दी

राजनांदगांव (दावा)। एन.आर.सी.ए.शतरंज संस्था के सचिव मोहम्मद शहरयार ने बताया कि संस्था से जुड़ी भारत की सोलह वर्षीय कलकत्ता निवासी फिडे मास्टर शतरंज खिलाड़ी कु.स्नेहा हल्दर/पिता भोगिरथ हल्दर ने अर्मेनिया में आयोजित अंतराष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेस्ट वूमेन शतरंज खिलाड़ी का अवार्ड जीता. यह स्पर्धा अर्मेनिया में 19 से 28 सिंतबर तक अयोजित की गई जिसमें स्नेहा हल्दर को मंचस्थ अतिथियों द्वारा उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की गई व ट्रॉफी, मोमेन्टो, कैश प्राइज, वा सर्टिफिकेट से समानित्त किया गया है. उनकी इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग जी के प्रयासों को जाता है जिन्होने इनके वीसा संबंधी दस्तावेज जैसे कार्य को बहुत अल्प समय में कराया जिससे स्नेहा हल्दर अर्मेनिया में आयोजित इस अंतराष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा का हिस्सा बन सकी। स्नेहा देश की टॉप 50 सीनियर महिला शतरंज खिलाड़ियों में है और 2026 में जर्मनी, पराग्वे, बैंकाक, चेक रिपब्लिक, आइसलैंड जैसे देशों में अपने शतरंज खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी।

एन.आर.सी.ए.शतरंज संस्था के सभी पदाधिकारी सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दी वा उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गांजा तस्कर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोतरारोड़ और पूंजीपथरा पुलिस ने लुक छिप कर गांजा बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही किया गया, पुलिस ऐसे तत्वों पर निगाह रखे हुए है। कार्यवाही के अनुसार कल 28 सितंबर को थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम कौवाताल निवासी गांजा तस्कर को 900 ग्राम गांजा के साथ पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। आरोपी ने अपना नाम श्यामसुन्दर साहू पिता स्कबर साहू उम्र 70 वर्ष निवासी कौवाताल थाना कोतरारोड़ बताया।

# जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में अनिल सिंह गौतम नियुक्ति से व्यायाम शिक्षकों में उत्साह



डोंगरगढ़ (दावा)। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा वरिष्ठ व्यायाम शिक्षकों को विभिन्न जिलों में जिला क्रीडा अधिकारी के रूप में पदोन्नति किया गया। जिसमें राजनांदगांव जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में अनिल सिंह गौतम नियुक्त हुए।

गौतम मूलत डोंगरगढ़ के निवासी हैं। वे डोंगरगढ़ स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्था आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। श्री गौतम जे.आर.डी हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग में कार्यरत थे। जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव कार्यालय में प्रवास सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष श्री गौतम ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह ठाकुर, डोंगरगढ़ विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर छुरिया विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी विमल साहू डोंगरगढ़ से राणा अजय सिंह बाबूराव जनबंधु उपस्थित थे। श्री गौतम के जिला क्रीड़ा अधिकारी नियुक्त होने पर डोंगरगढ़ के समस्त व्यायाम शिक्षक श्रीमती धनलक्ष्मी महोबिया भागचंद लिल्हारे पन्नालाल मडामें त्रिलोक जम्बुलकर तरुण वरकडे चंद्रहास साहू श्रीमती पूनम टेंभुरकर श्रीमती इंदु मेश्राम देवेंद्र अंबादे हरिश साहू राकेश रामटेके तरुण साहू श्रीमती आयुषी मिश्रा एवं डोंगरगढ़ के समस्त खेल प्रेमियों ने श्री गौतम को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# मां शारदा युवा मंच बसंतपुर में भक्तिमय रहा भजन संध्या

राजनांदगांव (दावा)। मां शारदा युवा मंच बसंतपुर वार्ड नंबर 46 में आयोजक सुनील सेन एवं युवा साथी की तरफ से रविवार 28 सितंबर को नवरात्रि के पावन पर्व में रात्रि में शानदार भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के समाज सेवी पवन डागा, अन्य अतिथि पार्षद जैनम बैद, पार्षद राजेश यादव, पार्षद शेखर यादव, गोलू गुप्ता, बिट्टू गुप्ता, भरत साहू, केजू राम ठाकुर, एवं वार्ड के सभी पदाधिकारीयो की उपस्थिति रही। मां शारदा युवा मंच के आयोजक सुनील सेन एवं युवा साथियों द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प हार एवं गुलाल टीका लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। उद्बोधन की कड़ी में पवन डागा जी एवं पार्षद जैनम बैद ने इस भजन संध्या के शानदार आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।



भजन संध्या कार्यक्रम में संस्कारधानी राजनांदगांव के प्रतिभाशाली कलाकार सनी गजभीम, शुभम यादव, कृति बख्शी, थंगेश्वर साहू रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता (राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षक) के द्वारा किया गया। इस भजन संध्या में वार्ड एवं नगर के भक्तगणों की अपार भीड़ रहीं और सभी भक्तगण, भजनों में झूम उठे। इस भजन कार्यक्रम में भक्ति गीत के साथ-साथ जस गीत, हिंदी धार्मिक गीत, छत्तीसगढ़ी धार्मिक गीतों की शानदार प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दिया गया। अंत में मां शारदा युवा मंच के आयोजक सुनील सेन एवं युवा साथी द्वारा कलाकारों की गुलाल टीका लगाकर, श्रीफल देकर सम्मान किया गया और प्रस्तुति पर खूब प्रशंसा किए एवं उपस्थित वार्ड के सभी भक्तगणों का नगर से पधारे सभी अतिथियों का इस भजन संध्या के शानदार सफल कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# गायत्री मंदिर में महापूर्णाहूति पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 1 को

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर चले नौ दिन तक के चले विभिन्न साधना व अनुष्ठान का समापन क्वांर नवरात्र की नवमी तिथि 1 अक्टूबर, बुधवार को होगा। इस दौरान सुबह 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार संपन्न कराये जायेगें।



निःशुल्क संस्कार भी कराये जायेंगे

मंदिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नवरात्रि पर्व में वेदमाता गायत्री की विशेष साधना का विशेष फल मिलता है। गायत्री वह महाशक्ति है, जिसकी साधना करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त करता है। मान्यता है कि नवरात्रि पर्व में एकम् से लेकर नवमीं तक नौ दुर्गाएं जागृत रहती हैं और इन नौ दिनों को अनेक प्रकार साधना अनुष्ठानों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त माना जाता है।

स्थानीय गायत्री मंदिर में भी नवरात्र पर्व के प्रथम दिवस को बहुसंख्या में गायत्री परिजनों व साधकों द्वारा संकल्प ज्योति कलश की स्थापना की गई। साथ ही कईयों ने विभिन्न प्रकार के साधना अनुष्ठान का संकल्प लिया। इस बार नवरात्रि पर्व दस दिनों का है, इन दसों दिनों में मंदिर में प्रतिदिन सुबह एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ के माध्यम से विशेष अनुष्ठान का क्रम भी चला है। समस्त प्रकार के साधना और अनुष्ठानों का समापन बुधवार नवमी तिथि को होगा, इस अवसर पर सुबह पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार के अलावा महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त समस्त कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों तथा श्रद्धालु नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# बाह्य ज्ञान तो हमारे पास बहुत है लेकिन धर्म ज्ञान बहुत कम-मुनि श्री वीरभद्र



जरूरत से ज्यादा धन पाप का कारण बन जाता है

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि वर्तमान में जो वेदना मिल रही है वो मेरे पूर्व जन्मों का करम है किंतु यह स्वास्थ्य जो मेरे पास है, यह मेरे ऊपर परमात्मा की कृपा से है। धर्म के प्रति हमारी अनंत श्रद्धा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों में बाह्य व्यथा नजर आती है किंतु परमात्मा से मिलने के लिए बेकरारी की व्यथा किसी की नजर नहीं आती। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि परमात्मा से मिलने के लिए हमें धैर्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही सतत संवाद करते हुए कर्म करने की भी आवश्यकता है। परमात्मा अनंत गुणों वाले हैं। आज के समय में लोग चमत्कार को नमस्कार करते हैं। हमें परमात्मा का गुण समझ में नहीं आते हैं जो दुखों में समाधि देते हैं और कष्ट में शांति प्रदान करते हैं। हमारा दिमाग स्थिर नहीं है जिसकी वजह से हमारा मन चारों ओर घूमते रहता है। उन्होंने कहा कि हमें बाह्य ज्ञान तो मिलता है लेकिन धर्म ज्ञान कितना मिलता है? बाह्य ज्ञान तो हमारे पास बहुत है लेकिन धर्म ज्ञान बहुत कम है। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि बाह्य ज्ञान हमें केवल धन कमाना सीखा सकता है किंतु यह आत्मा को ही विस्मृत कर देता है, आत्म शुद्धि का मार्ग नहीं बताता। हमें आत्मज्ञान की ओर भी ध्यान देना चाहिए मोक्ष की ओर ले जाता है।

0 मोबाइल में बिजी व्यक्ति के पास संस्कार देने के लिए समय ही कहां ?

मुनि श्री ने कहा कि आज के समय में हर व्यक्ति मोबाइल में बिजी है। बच्चों को संस्कार देने का किसी के पास समय नहीं है। ऐसा लगता है कि भविष्य में संस्कार नाम की चीज ही नहीं रह जाएगी क्योंकि हम अपने बच्चों को बाहर पढ़ने भेज रहे हैं और बाहर रहकर कोई कहां से संस्कार प्राप्त कर पायेगा? उन्होंने कहा कि जो दादा-दादी, माता-पिता, काका-काकी के साथ रहकर संस्कार मिल सकता है, वह बाहर नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों को हम मन में लेकर टेंशन ले लेते हैं और आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि राग-द्वेष की परिणीति से मुक्त रहकर दूसरों के दुखों को हमेशा नजर के सामने में रखो और उसे दूर करने का प्रयास करो। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य करो तो दो बातें सामने रखकर करो कि पहला मेरे इस कार्य से सामने वाले को क्या होगा और दूसरा मेरा क्या होगा? इसे ध्यान में रखकर कार्य करेंगे तो हम कभी गलत रास्ते नहीं जा पाएंगे।यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# नेहरू महाविद्यालय द्वारा नगर में स्वच्छता रैली एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन





एनएसएस के 130 स्वयंसेवकों ने लिया स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में सक्रिय भाग

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती के मार्गदर्शन में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर स्तर पर स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 130 स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे चौक से महावीर तालाब तक स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाकर, नारे लगाकर एवं पम्पलेट वितरण के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने घर, कॉलेज व समाज में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस आयोजन का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एच. आर. पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित न होकर, सामाजिक चेतना व नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना था। इस अभियान में भूतपूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। प्रमुख रूप से अमन नामदेव, कुश मालेकर, डाकेश्वर वर्मा, रमन, अनंत सिंह, आकांक्षा राजपूत, दलनायक चंद्रदेव, दलनायिका हेमलता साहू, शिखा, डिकेश्वरी, आकाश, युवराज पटेल, साहिल छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। यह स्वच्छता अभियान न केवल विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्पद अनुभव रहा, बल्कि नगरवासियों के लिए भी एक जागरूकता का सशक्त संदेश बनकर उभरा।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल व नीरज फाउण्डेशन स्कूल का फैंस ड्रेस एवं सोलो डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने किया मनमोहक प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग, जयस्तंभ चैक ब्रांच एवं नीरज फाउण्डेशन स्कूल द्वारा सोलो डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल.बोरी, में शनिवार एवं रविवार को आयोजित किया गया जिसमें प्री.प्रायमरी के बच्चों ने अपना.अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें प्री.नर्सरी से केजी.2 के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस एवं सोलो डांस प्रतियोगिता में भिन्न.भिन्न परिधानों सहित आकर्षक नृत्य करते नजर आए।

इन नन्हें मुन्हे बच्चों द्वारा इनके परिधानों एवं नृत्य ने पालकों एवं शिक्षकों को आकर्षित किया और पालक इनकी सराहना करते नहीं थके। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा किए जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है क्योंकि, नृत्य एक साधना हैए नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। साथ ही साथ श्री बाजपेयी ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है।

प्रतियोगिता में कक्षावार विद्यार्थियों को अलग-अलग समुहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी डेऊस प्रतियोगता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उक्त प्रतियोगिताओं का मार्गदर्शन नीरज फाउंडेशन स्कूल की एच.एम. श्रीमती मधुजा माहेश्वरी, एनपीपीएस.जयस्तंभ चैक की एच.एम. श्रीमती स्नेहा तिवारी, बल्देवबाग की एच.एम. श्रीमती वैशाली सिंग द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का सफलतम आयोजन हर्षोल्लस से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डॉयरेक्टर श्रीमती रेणु बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एनबीआई प्राचार्या श्रीमती एकता गांधीए एनपीपीएस प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया गया। उक्त जानकारी शाला प्रशासक द्वारा दी गई।



जय भवानी युवा सरस्वती समिति हलर चौक ग्राम डिलापहरी, राजनांदगांव



चित्रकला मंच सरस्वती उत्सव समिति स्टेशनपारा, राजनांदगांव



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति स्टेशनपारा, राजनांदगांव



नवयुवा के सरस्वती उत्सव समिति स्टेशन पारा, राजनांदगांव



सुर सरगम सरस्वती उत्सव समिति स्टेशन पारा, राजनांदगांव

# महतारी एक्सप्रेस से 16 पेटी संत्री शराब की तस्करी, जीपीएस को चकमा देकर महाराष्ट्र से ला रहे थे आरोपी

### 0 पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित कांग्रेस नेताओं ने किया हंगामा

### 0 सरकार पर लगाया शराब तस्करी का आरोप





छुरिया (दावा)। प्रसूति वाली महिलाओं को शासकीय अस्पताल तक लाने ले जाने का कार्य करने वाली महतारी एक्सप्रेस में महाराष्ट्र की अवैध शराब तस्करी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने देर रात छापा मारकर महतारी एक्सप्रेस के चालक को शराब तस्करी करते हुए रंगे हाथों धर दबोचा है। महतारी एक्सप्रेस में अवैध शराब तस्करी किए जाने की सूचना मिलते ही आज सुबह कांग्रेस विधायक व पूर्व विधायक सहित अन्य कांग्रेसी नेता शासकीय अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सरकार पर अवैध शराब तस्करी किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया और धरने पर बैठ गए। इसके साथ ही बीएमओ को हटाने की मांग भी की गई।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। बीती रात को छुरिया पुलिस को मुखबिरी से सूचना मिली कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के महतारी एक्सप्रेस से अवैध शराब महाराष्ट्र से बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक ओम साहू, सहायक उपनिरीक्षक सत्तूलाल कंवर, आरक्षक असवन वर्मा एवं 112 की टीम ने बम्हनी-चारभांठा-पड़रामटोला मार्ग पर घेराबंदी कर महतारी एक्सप्रेस बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी-07/सीपी 3015 को रोकर तलाशी ली गई। जिसमें वाहन चालक आरोपी इन्द्रकुमार उर्फ राहुल साहू पिता मानिक साहू उम्र 25 वर्ष निवासी कल्लूटोला थाना छुरिया के कब्जे से 16 पेटी महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब संतरी बरामद की गई। जिसकी कुल मात्रा 138 बल्क लीटर कीमत 53760 रूपये के साथ ही प्रयुक्त बोलेरो वाहन 6 लाख का माल जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 36 आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया।

### कांग्रेसियों ने शराब तस्करी को लेकर दिया धरना

महतारी एक्सप्रेस में अवैध शराब तस्करी का मामला आते ही कांग्रेसियों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया और अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए। विधायक भोलाराम साहू एवं पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने भाजपा सरकार पर इस अवैध शराब कारोबार में संलिप्त होने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। धरना प्रदर्शन में जिला महामंत्री चुम्मन साहू, विपिन यादव, ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, राहुल तिवारी, राजकुमारी सिन्हा, पूरन नेताम, सतीश पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन उपस्थित थे।

### जीपीएस की मॉनिटरिंग, बावजूद दूर राज्य जा रही गाड़ी

महतारी एक्सप्रेस की मॉनिटरिंग के लिए वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाए गये हैं। इसके बावजूद चालक वाहन लेकर महाराष्ट्र पहुंचा और शराब लेकर वापस लौटा। चालक एक बार पहले भी यह काम कर चुका है। बताया जा रहा है कि इस मामले में महतारी एक्सप्रेस के पोर्टल में इवेंट अपलोड किये जाने में भी फर्जीवाड़ा किया गया। आरोपित ने इसमें अपने साथी की मदद ली। पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

महतारी एक्सप्रेस से शराब पकडे जाने की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी के साथ थाने पहुंची। उन्होंने आरोपित से कई सवाल किये। जब इस पर आरोपित ने जवाब नहीं दिया तो पूर्व विधायक ने कहा, सीधे बता दो अभी पुलिस का डंडा पड़ेगा तो सब बताने लगोगे। उन्होंने कहा ये चिंताजनक है कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहनों से शराब तस्करी जैसे अपराध हो रहे हैं।

### बीएमओ को हटाने की मांग

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ बीएमओ उमेश भगत को कांग्रेसियों ने हटाने की मांग की है। इनके कार्यकाल में शासकीय अस्पताल की दुर्दशा हो गई है। इनका तबादला होने के बाद भी कोर्ट से आदेश लाकर जमे हुए है और महतारी एक्सप्रेस में अवैघ शराब तस्करी जैसे मामले सामने आ रहे हैं।

## महतारी एक्सप्रेस शराब तस्करी पर पीसीसी चीफ दीपक बैज का तंज



**भाजपा सरकार काली कमाई में डूबी, महतारी एक्सप्रेस से शराब पहुंचाई जा रही है - दीपक बैज**

राजनांदगांव (दावा)। महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस से 16 पेटी अवैध शराब जब्त किए जाने के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के चीफ दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा ये भाजपा हम पर आरोप लगाते थे। अब भाजपा में धड़ल्ले से यह (अवैध कार्य) चल रहा है, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई माई-बाप नहीं है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राजनांदगांव में नकली शराब का होलोग्राम मिला है। बैज ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए आरोप लगाया कि ये सरकार काली कमाई में डूबी है। कांग्रेस पर आरोप लगाना केवल इनकी राजनीतिक नौटंकी है। उन्होंने महतारी एक्सप्रेस के दुरुपयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि महतारी एक्सप्रेस से शराब पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में आज भी कई जगहों पर सही समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलता, जबकि शराब सप्लाई के लिए एंबुलेंस बुलाया जा रहा है। दीपक बैज ने इस गंभीर मामले पर भाजपा सरकार से जवाब मांगा है और राज्य में अवैध गतिविधियों को रोकने में सरकार की विफलता को उजागर किया है।

# आज साय कैबिनेट की अहम बैठक, किसानों की नई योजनाओं और बड़े सुधारों पर लग सकती है मुहर



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 30 सितंबर को नवा रायपुर के महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें किसानों के लिए नई योजनाओं, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। यह एक महीने में दूसरी कैबिनेट बैठक है, जिससे आम जनता को नई घोषणाओं की उम्मीद है।

### बैठक का आयोजन

छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक मंगलवार, 30 सितंबर को नवा रायपुर स्थित महानदी भवन में आयोजित होगी। बैठक दोपहर साढ़े 3 बजे शुरू होगी और इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। बैठक में प्रदेश सरकार के सभी मंत्री मौजूद रहेंगे।

### मुख्य मुद्दे

सूत्रों के अनुसार, बैठक में कई ऐसे प्रस्ताव रखे जाएंगे, जिनका सीधा संबंध प्रदेश की जनता, विशेषकर किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से है। इनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की जाएगी- किसानों के लिए नई योजनाओं और सब्सिडी संबंधी निर्णय। आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए विशेष पहल। सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण से जुड़े प्रस्ताव। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार। शिक्षा क्षेत्र में नए कार्यक्रम और योजनाएं शुरू करने पर विचार।

### विकास परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में प्रदेश की विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। सरकार का जोर इस बात पर है कि चल रही परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने पहले भी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नई घोषणाओं की उम्मीद

कैबिनेट बैठक को लेकर प्रदेश की जनता में उत्सुकता है। किसानों को उम्मीद है कि सरकार उनके लिए नई रियायतें और सब्सिडी संबंधी फैसले ले सकती है। वहीं स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नई योजनाओं के एलान से आम नागरिकों को सीधा फायदा मिल सकता है।

### एक महीने में दूसरी बैठक

गौरतलब है कि इस महीने कैबिनेट की यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 9 सितंबर को हुई बैठक में सभी 14 मंत्री शामिल हुए थे। उस दौरान प्रशासनिक सुधारों और जनहित से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी थी। लगातार बैठकों से यह संकेत मिल रहा है कि सरकार तेजी से फैसले लेने और उन्हें लागू करने के मूड में है।

# छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव आज



**प्रदेशभर में 25 सदस्यों के लिए मतदान, राजनांदगांव से प्रशांत तिवारी की मजबूत दावेदारी**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के बहुप्रतीक्षित चुनाव 30 सितंबर मंगलवार को निर्धारित है। पूरे प्रदेश के अधिवक्तागण इसी दिन अपने-अपने कार्यस्थल पर दिन में 10 से 5 बजे के मध्य मतदान कर सकेंगे। इस चुनाव में पूरे प्रदेश से स्टेट बार के लिए 25 सदस्यों का निर्वाचन होना है। जिसके लिए प्रदेशभर के लगभग 105 अधिवक्ता प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में है। राजनांदगांव से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशान्त तिवारी प्रत्याशी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश मतदाताओं का रुझान प्रशांत तिवारी की ओर है। उन्हें सभी ओर से प्रबल स्वस्फूर्त समर्थन मिल रहा है। प्रशांत तिवारी की स्थिति काफी मजबूत दिख रही है। उनकी कर्तव्य निष्ठा, बेबाक प्रभावी व्यक्तित्व और एक सफल अधिवक्ता की छवि प्रभावी समर्थन दिला रही है। इस चुनाव में मतदान तथा मतगणना एकल संक्रमण पद्धति के आधार पर होता है। जिसमें अधिवक्तागण अपनी पसंद के आधार पर वरीयता क्रम के आधार पर मतदान करते है।


शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...



नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560


# मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री कन्फ्यूजन है, दोनों के बयान एक-दूसरे से अलग हैं - बैज

### नक्सली समस्या के समाधान को लेकर राज्य सरकार का अंतर विरोध पर बोल रहे थे दीपक बैज



डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र के सातवें दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज अपने एक दिवसीय प्रवास पर डोंगरगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी देवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष नवाज खान, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

मां के दरबार में पूजा-अर्चना के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने मीडिया से भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की राजनीति और संगठन विस्तार पर खुलकर अपनी बात रखी। सबसे पहले उन्होंने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने नक्सलियों के हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने पर 'रेड कारपेट' बिछाकर स्वागत करने की बात कही थी। इस पर तीखा हमला बोलते हुए दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार खुद कन्फ्यूजन में है। राज्य के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के बयान एक-दूसरे से अलग-अलग हैं। पहले दोनों आपस में तय कर लें कि करना क्या है।

### रेड कारपेट नक्सलियों के लिए है या उद्योगपतियों के लिए - दीपक बैज

आखिरकार रेड कारपेट किसके लिए बिछाया जाएगा? क्या सरकार यह गारंटी दे सकती है कि नक्सलवाद खत्म होने के बाद प्रदेश के खनिज संसाधनों को उद्योगपतियों को नहीं बेचा जाएगा? हकीकत यह है कि अभी नक्सल समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, लेकिन उससे पहले ही दंतेवाड़ा और बैलाडीला की तीन आयरन और खदानों को बेच दिया गया है। कांकेर की खदान भी उद्योगपतियों के हाथों सौंप दी गई है। तो फिर सवाल उठता है कि रेड कारपेट नक्सलियों के लिए है या उद्योगपतियों के लिए?

### संगठन के विस्तार को लेकर बोले पीसीसी चीफ़

संगठन विस्तार पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पीसीसी चीफ ने कहा कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए 17 पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) की नियुक्ति की गई है, जो अन्य राज्यों से आ रहे हैं। ये ऑब्जर्वर दशहरा के बाद और दीपावली से पहले अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक करेंगे और संगठन की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आलाकमान को सौंपेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जहां मां का आशीर्वाद लिया, वहीं भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार भी किया और कांग्रेस संगठन की मजबूती का रोडमैप भी साफ किया।



**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक आज अरुण देव गौतम अपने धर्मपत्नी श्रीमती गौतम के साथ डोंगरगढ़ में स्थित मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर इन्होंने प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। बम्लेश्वरी ट्रस्ट परिवार में इनका स्वागत किया। इस अवसर पर आईजी अभिषेक शांडिल्य, जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व पुलिस परिवार अधिकारी उपस्थित थे।



**राजनांदगांव (दावा)।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन करने के पश्चात सदभावना दीप प्रज्वलित करते हुए पूर्व विधायक भ्राता धनेश पाटिला, पूर्व महापौर भ्राता नरेश डाकलिया, पूर्व महापौर बहन हेमा देशमुख, सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन एवं अन्य उपस्थित रहे।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com